''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 21 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 21 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

मुख्यमंत्री ने पंचकूला में महिला प्रतिनिधियों के साथ की पूर्व बजट चर्चा

माता-बहनों द्वारा दिए गए सुझाव आगामी बजट में महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने में निभाएंगे अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

केंद्र सरकार और वर्तमान हरियाणा सरकार कर रही है महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य

चरणबद्ध तरीके से महिलाओं के लिए सभी जिलों में खोले जाएंगे सांझा बाजार

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और वर्तमान हरियाणा सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है । सरकार का प्रयास है कि देश के विकास में महिलाओं की अहम भागीदारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि माता - बहनों द्वारा आज दिए गए सुझाव आगामी बजट में महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज पंचकूला में आयोजित पूर्व बजट परामर्श बैठक में महिलाओं को संबोधित कर रहे थे।

बजट परामर्श में महिलाओं ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

बजट परामर्श में विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 35 महिलाओं ने भाग लिया और मुख्यमंत्री को अपने सुझाव दिए । सुझाव देने वाली महिलाओं में आंगनवाडी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, एनजीओ, प्रगतिशील महिला किसान और महिला उद्यमी शामिल थी। इसके अलावा स्वामी विवेकानंद जयंती पर नई दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम विकसित भारत यंग लीडर्स में भाग लेने वाली हरियाणा की युवतियों ने भी अपने सुझाव दिए।

2029 के लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का किया प्रावधान

श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करने के लिए 2029 के लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का भी प्रयास है कि महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बनें। इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कदम उठाए गए।

फरीदाबाद में उद्योगपतियों तथा पानीपत में टेक्सटाइल इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ भी करेंगे प्री बजट चर्चा

नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक समावेशी बजट की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि प्राप्त बेहतरीन सुझावों को राज्य सरकार के बजट में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य सरकार ने एक व्यवस्था आरंभ की है जिसमें प्रदेश का कोई भी व्यक्ति घर बैठकर भी ऑनलाइन माध्यम से बजट संबंधी सुझाव दे सकता है। इसके लिए एक समर्पित पोर्टल तैयार किया गया । श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बजट पूर्व परामर्श में आज महिलाओं द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को आगामी बजट में समाहित किया जाएगा। अब तक प्रदेशभर में विभिन्न वर्गो के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श में हजारों सुझाव प्राप्त हुए है । उन्होने कहा कि शीघ्र ही वे फरीदाबाद में उद्योगपतियों तथा पानीपत में टेक्सटाइल इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ भी प्री बजट चर्चा कर सुझाव लेंगे । इससे पूर्व मुख्यमंत्री गुरुग्राम व हिसार में विभिन्न हितधारकों के साथ बजट पूर्व चर्चा कर चुके हैं।

यमुनानगर और फतेहाबाद में भी शीघ्र खुलेंगे सांझा बाजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महिलायें शिक्षा, खेती, उद्यमिता, स्वयं सहायता समूह, खेलों सहित सभी क्षेत्रों में न केवल अग्रणी भूमिका निभा रही है बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन रही है । सरकार भी महिलाओं को पूर्ण सहयोग व सहायता दे रही है। चाहे ड्रोन दीदी योजना शुरू करने की बात हो या सांझा बाजार खोलने की । पिछले वर्ष सुझाव आया था कि कामकाजी महिलाओं के लिए ऐसे बाजार की आवश्यकता है जहाँ वे अपने उत्पाद बेच कर आमदनी कमा सके और आत्मनिर्भर भी बन सके। महिलाओं के हित में निर्णय लेते हुए राज्य सरकार में वर्ष 2024-25 के बजट में सांझा बाजार नाम से योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत एक सांझा बाजार करनाल में शुरू हो चुका है और यमुनानगर तथा फतेहाबाद में भी सांझा बाजार शीघ्र ही शुरू होने वाले है । इसी प्रकार प्रदेश की मंडियों में अटल कैंटीन खोली गई है जिन्हे हमारी बहन - बेटियां सफलतापूर्वक संचालित कर रही है।

गांवों में खुलेंगी महिला चौपाल

उन्होंने कहा कि बेटियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कोई समस्या ना आए इसके लिए वर्तमान राज्य सरकार ने एक रोडमैप तैयार किया है जिसके अंतर्गत हर 20 किलोमीटर पर महिला कॉलेज स्थापित किया गया है। इसके अलावा छात्राओं को लाने-ले जाने के लिए पिंक बस सुविधा भी शुरू की गई है । मुख्यमंत्री ने कहा की महिलाओं के लिए भी प्रदेश के गांवों में महिला चौपाल खोलने की योजना है । कुछ गांवों में महिला चौपाल खोली जा चुकी है और अन्य गांवों में भी महिला चौपाल शीघ्र खोली जाएंगी ।

फरवरी माह में बजट अभिभाषण अवश्य सुनें महिलाएं

मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर ने बताया कि राज्य बजट के लिए विभिन्न हितधारकों के सुझाव आमंत्रित करने के लिए 6 वर्ष पहले पूर्व बजट परामर्श कार्यक्रम शुरू किया गया था । तब से विभिन्न वर्गों से प्राप्त लगभग 400 सुझावों को बजट में शामिल किया गया है। श्री खुल्लर ने प्री बजट परामर्श में सुझाव देने वाली महिलाओं से आग्रह किया कि जिस दिन मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी वित मंत्री के रूप में फरवरी माह में बजट प्रस्तुत करेंगे उस दिन वे उनका अभिभाषण अवश्य सुनें। उस दिन उन्हें अवश्य ही आज की बैठक के अनुभव ताजा होगें।

इस मौके पर यमुनानगर की महिला प्रगतिशील किसान गुरप्रीत कौर में मुख्यमंत्री को स्वयं तैयार किया गया हल्दी का अचार भेंट किया। मुख्यमंत्री ने श्रीमती गुरप्रीत कौर को 500 रुपये देकर प्रोत्साहित किया । श्री नायब सैनी ने महिला प्रगतिशील किसान से हल्दी के अचार की सेल के बारे में भी जानकारी हासिल की। श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया की उन्होंने कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव और बिलासपुर में कपालमोचन मेले के दौरान अपना स्टॉल लगाया था। इस अवसर पर वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजा शेखर वुंडरू, महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री राज नेहरू, मीडिया सचिव श्री प्रवीन अत्रे, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और महिला प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भाजपा मण्डल अध्यक्षों की घोषणा

समाचार गेट/सुमित गोयल

होडल विधानसभा क्षेत्र के तीन नवनियुक्त मंडलो के भाजपा मण्डल अध्यक्षों की घोषणा करने के उपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश प्रवक्ता भाजपा हरियाणा एवं प्रदेश सह चुनाव अधिकारी बिजेन्द्र नेहरा। इस अवसर पर भाजपा पलवल ज़िलाध्यक्ष श्री चरणसिंह तेवतिया जी, जिला महामंत्री व सह जिला चुनाव अधिकारी श्री सतीश बैंसला जी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री जवाहर शोरोत जी, सह जिला चुनाव अधिकारी भूपराम पाठक जी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बीजेपी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दी प्रतिक्रिया

हर मोर्चे पर विफल साबित हुई बीजेपी सरकार : हुड्डा

रोजगार देने की बजाए, छीनने में लगी बीजेपी : हुड्डा

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर कहा कि पिछली 2 पारियों की तरह ये सरकार भी हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। जो हरियाणा 2014 से पहले प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश और रोजगार देने में नंबर वन था, उसे बीजेपी ने बेरोजगारी, महंगाई और अपराध में नंबर वन बना दिया है। आज प्रदेश में कोई भी व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करता। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीजेपी 2 लाख पक्की नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन सरकार बनने के बाद कोई नई भर्ती नहीं की गई। उल्टा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों की छटनी शुरू कर दी गई है। सरकार रोजगार देने की बजाए, रोजगार छीनने में लगी है।

किसान आंदोलन पर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बहुत नाजुक बनी हुई है। इसलिए सरकार को तुरंत उनकी मांगों का समाधान कर अनशन खत्म करवाना चाहिए। उनका हम जीवन सभी के लिए अनमोल है। किसानों की मांग पूरी तरह जायज और कई साल पुरानी है। खुद बीजेपी ने एमएसपी का वादा करके किसान आंदोलन को खत्म करवाया था। किसान सरकार को वही वादा याद दिला रहे हैं।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा सरकार एमएसपी को लेकर लगातार झूठ बोल रही है। उसके द्वारा दावा किया जा रहा है कि हरियाणा में 24 फसलों पर एमएसपी दी जा रही है। जबकि ना तो हरियाणा में 24 फैसलें होती है और ना ही एमएसपी देने का काम राज्य सरकार का होता है। यह केंद्र सरकार की जिम्मेदारी होती है। इसलिए केंद्र सरकार को आगे आते हुए आंदोलनरत किसानों से बातचीत कर उनकी मांगों का समाधान निकालना चाहिए। दिल्ली चुनाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसबार जनता कांग्रेस की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। क्योंकि दिल्ली के लोग बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों के कार्यकाल को देख चुकी है। इसलिए जनता महसूस कर रही है कि दिल्ली में सिर्फ कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार के दौरान ही विकास कार्य हुए।

मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा की हुई महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी की सोमवार को मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ में संगठनात्मक विषयों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया की उपस्थिति में पार्टी की आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश में चल रहे संगठनात्मक चुनाव को लेकर भी विचार विमर्श हुआ।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रदेश में संगठनात्मक चुनाव सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के परिणाम स्वरूप हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। डा. पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियां जनता को पसंद आ रही है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए भाजपा सरकार संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। डा. पूनिया ने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति की जुबान पर एक ही शब्द है कि जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे, जो हरियाणा लाये हैं वो दिल्ली भी लायेंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि दिल्ली की जनता विकास चाहती है, इसलिए लोगों ने भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की ठान ली है।

मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और संगठनमंत्री ने आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर की चर्चा

दिल्ली की जनता ने भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की ठान ली है : डा. सतीश पूनिया

दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट सरकार को उखाड़कर भाजपा की ईमानदार सरकार बनाएगी : पंडित मोहन लाल बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में बूथ, मंडल स्तर के चुनाव लगभग संपन्न हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला अध्यक्षों के चुनाव भी संपन्न हो जाएंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा के विकास कार्यों पर मुहर लगाकर हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी जनता कमल खिलाएगी और आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार का शासन उखाड़कर कर पारदर्शी और ईमानदार भाजपा को सत्ता सौंपेगी।

मुख्य सचिव ने विशेष स्वच्छता अभियान और प्रशासनिक सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया बल

बेहतर समन्वय हेतु वरिष्ठ अधिकारियों की नियमित बैठकें जरूरी : डॉ. जोशी

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक चलने वाले विशेष स्वच्छता अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन आह्वान किया है। साथ ही, उन्होंने सम्बनधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की योजनाओं की गहन समीक्षा की जाए ताकि विकास और कल्याण के लिए धनराशि का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य सचिव आज यहां प्रशासनिक सचिवों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक के दौरान, डॉ. जोशी ने प्रदेश में स्वच्छता पहलों की समीक्षा की तथा कार्यालय की दक्षता बढ़ाने और रिकॉर्ड के समुचित रखरखाव में स्वच्छता अभियान के महत्व को रेखांकित किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि यह अभियान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पहल है और यह स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता विजन के अनुरूप है। सरकारी विभागों के कामकाज को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव ने ई-ऑफिस का उपयोग बढ़ाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने संचार को सुव्यवस्थित करने, विलम्ब को कम करने और समग्र उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सरकारी विभागों के कामकाज को सुव्यवस्थित करने और इसमें तेजी लाने के लिए प्रशासनिक सचिवों को प्राथमिकता आधार पर रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने के भी निर्देश दिए।

डॉ. विवेक जोशी ने जन शिकायत निवारण को और अधिक कारगर बनाने के लिए, संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों के तहत विकसित समाधान पोर्टल के कुशल कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में जवाब दाखिल करने में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए कि सभी लंबित निर्णयों को बिना किसी देरी के लागू किया जाए। प्रशासनिक दक्षता बढ़ो के लिए, डॉ. जोशी ने निर्देश दिए कि कैबिनेट बैठक के एजेंडे समय पर भेजे जाएं तथा अंग्रेजी और हिंदी, दोनों भाषाओं में प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने पिछले कैबिनेट निर्णयों की समीक्षा की और विभागों से उनके कार्यान्वयन की प्रगति का आकलन करने का आग्रह किया। उन्होंने अनुसूचित जाति के कर्मचारियों और सतर्कता मामलों से जुड़े सेवा मामलों की भी समीक्षा की। प्रशासन के भीतर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए, उन्होंने मामलों के निष्पक्ष और समय पर समाधान के महत्व पर बल दिया।

अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।
नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
samachargate@gmail.com

प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

सीएम शिकायत पोर्टल	181
विद्युत सेवा	1912
पशु सेवा	1962
पुलिस सेवा	112, 100
अग्नि सेवा	101
एमबुलैस सेवा	102
यातायात पुलिस	103
आपदा प्रबंधन	108
चाइल्ड लाइन	1098
रेलवे पूछताछ	139
भ्रष्टाचार विरोधी	1031
रेल दुर्घटना	1072
सड़क दुर्घटना	1073
सी एम सहायता लाइन	1076
क्राइम सटायर	1090
महिला सहायता लाइन	1091
पृथ्वी भूकम्प	1092
बाल शोषण सहायता	1098
किसान काल सेन्टर	1551
नागरिक काल सेन्टर	155300
ब्लड बैंक	9480044444

योगी ने खूंखार भेड़ियों का नाम भैरव-भैरवी रखा

गंगा में 108 डुबकी लगाई, जननांग की नस खींची, महाकुंभ में 24 घंटे तपस्या कर रहे

गोरखपुर जू में रवि किशन की ली चुटकी- ये शेर के बाड़े में जाना चाहते हैं

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गोरखपुर में हैं। उन्होंने शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में हाथी रेस्क्यू सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना की। हाथी को उसके बाड़े में केला और गन्ना खिलाया। इसके बाद गैंडों को भी केले खिलाए। उन्होंने बहराइच से पकड़कर लाए गए 2 भेड़ियों को नए बाड़े में छोड़ा। योगी ने नर भेड़िए का नाम भैरव और मादा का नाम भैरवी रखा। इसके बाद पीलीभीत से लाए गए टाइगर के बाड़े के सामने गए। सीएम को देखकर टाइगर ने दहाड़ लगाई। इसके बाद जब योगी आदित्यनाथ ने मंच संभाला, तब उन्होंने सांसद रवि किशन की चुटकी ली। बोले- आप देखिएगा कि कितना भारी-भरकम बाघ है। ये रवि किशन तो बाड़े में जाना चाहते थे, हम लोगों ने ही रोका कि अभी भाषण भी देना है, रहने दो। विनोद वन में 23 महीने से रह रहे हाथी गंगा प्रसाद को गोरखपुर चिड़ियाघर के नए बाड़े में शिफ्ट किया गया है। योगी आदित्यनाथ इस मौके पर तितली घर, सॉवेनियर शॉप, कॉफी टेबल और एक डॉक्यूमेंट्री का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा पीलीभीत से लाए गए बाघ, बिजनौर के तेंदुए और बहराइच से आए भेड़ियों को भी उनके नए बाड़ों में पहुंचाया। वन्य जीवों को देखने के बाद योगी आदित्यनाथ बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह पहुंचे। यहां भाजपा के संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा- पीलीभीत में लोगों पर हमला करने वाले टाइगर को यहां रखा गया है। बहुत भारी-भरकम है। आज उसको बाड़े मे छोड़ा है। उसका नाम केसरी रखा है। उन्होंने कहा- रवि किशन तो उसके बाड़े में जाने के लिए तत्पर थे, लेकिन हम लोगों ने समझाया कि अभी भाषण भी करना है, रहने दो...। बहराइच में बहुत सारे बच्चों को मारने वाले भेड़ियों को भी आज बाड़े में सबके सामने लाया गया। ये वही भेड़िए हैं, जिनके जबड़े में मानव का खून लग गया था। आखिरकार उन्हें पकड़ा गया। अब दोनों यहीं पर है। आप देखिए, कितने फुतीर्ले हैं। योगी ने कहा- आप देखिए, जब हम बब्बर शेर के बाड़े में गए। वहां के केयर टेकर उसको नाम से बुला रहे थे। वह आराम से आ-जा रहा था। देखिए, वह भी प्यार समझते हैं। कितने संवेदनशील है। अगर कोई ठीक व्यवहार रखे, तो जानवर भी मनुष्य के पास आना चाहता है। कहने का मतलब है, पर्यावरण के साथ तालमेल जरूरी है। हर व्यक्ति को 1 साल में 10 पेड़ जरूर लगाना चाहिए। 15 फरवरी, 2023 को हाथी गंगा प्रसाद चिलुआताल के मोहम्मदपुर माफी में यज्ञ की कलश यात्रा में शामिल हुआ था। इसी दौरान वह बिदक गया। उसने दो महिलाओं और एक बच्चे पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग ने गंगा प्रसाद को विनोद वन में रखा। जब उसके मालिक का कोई पता नहीं चला, तो अधिकारियों ने उसे चिड़ियाघर में शिफ्ट कर दिया। केंद्रीय जू अथॉरिटी के नियमानुसार, चिड़ियाघर प्रशासन ने हाथी के लिए दो बाड़ों का प्रस्ताव तैयार किया। इसकी कुल लागत 18 करोड़ रुपए थी। पहले चरण में शासन ने 12 करोड़ रुपए स्वीकृत किए। 23 महीने के इंतजार के बाद गंगा प्रसाद का नया घर तैयार हो सका। गंगा प्रसाद के स्थानांतरित होने के बाद विनोद वन को दर्शकों के लिए दोबारा खोल दिया जाएगा। चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार, यह कदम वन्यजीव संरक्षण और दर्शकों को नई सुविधाएं देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मुख्यमंत्री के दौरे के दूसरे दिन, वह जनता दर्शन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जहां वह लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करने के निर्देश देंगे।

भाजपा की जिला स्तरीय संविधान गौरव गोष्ठी 21 को

संवाददाता

कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान के अन्तर्गत 21 जनवरी मंगलवार को रविन्द्र नगर स्थित भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय संविधान गौरव गोष्ठी आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने दी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, अनुसूचित जाति व जनजाति समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी भाग लेंगे।

लोकार्पण: अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ: विधायक पी.एन. पाठक

संवाददाता

कसया, कुशीनगर। क्षेत्र का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य हो रहे हैं। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। उक्त बातें सोमवार को कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने विधायक निधि से (26.94 लाख की लागत) से निर्मित एक सामुदायिक भवन, सीसी सड़क समेत स्मृति द्वार का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोकार्पण करते हुए कही। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में बनी सरकार विश्व

पटल पर भारत को मजबूती मिली है, तो मुख्यमंत्री योगी की सरकार ने प्रदेश के विकास में कई योजनाएं संचालित कर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है। उन्होंने ने सोमवार को बोहरापुर में राम जानकी मंदिर के पास 9.74 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत धर्मपुर खुर्द में पीच रोड से अनिल पांडेय के घर जाने वाले मार्ग तक 9 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड व दिघवा बुर्जुग स्थित 4.20 लाख की लागत से निर्मित पंडित द्वारका प्रसाद स्मृति द्वार का लोकार्पण किया। लोगों ने माल्यार्पण व गाजे बाजे के साथ लोकप्रिय विधायक पाठक का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, भाजपा नेता सतीश मणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष राजेश प्रताप राव, आद्या पांडेय, अमरजीत कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, अवर अभियंता पी.एन मिश्रा, दीपक सिंह, अमरनाथ कुशवाहा, दिनेश सिंह, किनरेश चौबे, रितेश दुबे, दीपू पांडेय समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कामरेड राघवेंद्र सिंह की मनाई गई द्वितीय पुण्यतिथि

संवाददाता

कसया, कुशीनगर। कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े व शिक्षक रहे कामरेड स्व0 राघवेंद्र सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि नगर स्थित पार्टी के कैम्प कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व0 सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम को सबोधित करते हुए माकपा के जिलासचिव अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि माकपा जिला कमेटी सदस्य व किसान सभा के जिलाध्यक्ष रहे राघवेंद्र हमेशा

शोषितों, पीड़ितों की मदद करते थे और हमेशा कर्तव्य पथ पर आगे रहते थे। उनकी कमी समाज में खलती है। क्योकि आज नफरत, जाति व धर्म के नाम पर लड़ाने का काम किया जा रहा है। सरकारी संस्थाओं का निजीकरण किया जा रहा है। स्थायी रोजगार के बजाय संविदा पर नौकरियां दी जा रही है। स्व0 सिंह के विचारों को आत्मसात कर सबको न्याय दिलाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी क्रम में शाकिर अली, बीपी गुप्ता, इदरीश सिद्दकी, गेंद सिंह ने कहा कि स्व0 राघवेंद्र संवेदनशील व समाज के चिंतक थे। अध्यक्षता कामरेड एड0 विजय कुमार श्रीवास्तव ने की। इस दौरान जवाहर शर्मा, कैलाश गिरी, केदार नाथ सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजेश, शंकर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

मुरादाबाद में चुनावी रंजिश में बवाल, छत से फायरिंग की

मुरादाबाद । छत से फायरिंग की गई। पहले पत्थर फेंके, फिर फिल्मी अंदाज में दो युवकों ने ताबड़तोड़ फायर किए। इनमें एक युवक जख्मी हो गया। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। खुलेआम फायरिंग पथराव की सूचना मिली तो पुलिस के हाथ-पैर फूल गए। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी घर में ताला बंद करके भाग गए। फायरिंग में एक युवक जख्मी हुआ। वारदात रविवार दोपहर कटघर थाना क्षेत्र के सिरसा इनायतपुर की है, लेकिन वीडियो आज सामने आया। पुलिस ने बताया- गांव में दो परिवारों में प्रधानी चुनाव से रंजिश है। एक परिवार चांद बाबू का और दूसरा अफसर अली का है। दोनों ने प्रधानी का चुनाव लड़ा था, लेकिन दोनों हार गए। तब से कई बार दोनों परिवारों में विवाद हो चुका है। दो महीने पहले अफसर अली के बेटे पर लड़की से रेप का आरोप लगा था। वह जेल में बंद है। इस घटना को लेकर रविवार को भी दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ। दोनों के घर आमने-सामने हैं। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों परिवार छत पर आ गए। एक दूसरे पर पहले पथराव और फिर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग करते हुए का वीडियो भी सामने आया है। इसमें चांद बाबू के घर से उसके लड़के छत से पथराव और फायरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अफसर अली के घर पर करीब आधे घंटे तक फायरिंग की। गोली लगने से अफसर अली का बेटा सलीम घायल हो गया। वारदात के बाद फायरिंग वाली गली में अब सन्नाटा पसरा है। दोनों पक्ष घरों पर ताले लगाकर फरार हो गए हैं। वे इस समय कहां हैं। इसके बारें में किसी को कुछ भी नहीं पता। घटना स्थल पर इस समय पुलिस मौजूद है। लोगों से बात कर घटना की जानकारी ली जा रही है।

बरनवाल सेवा समिति के संजय बरनवाल बने जिलाध्यक्ष

संवाददाता

कुशीनगर। बरनवाल सेवा समिति इकाई कुशीनगर जिला कार्यकारिणी की बैठक फाजिलनगर के अनुज बरनवाल के आवास पर संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष संजय बरनवाल को अपना नया अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में जिला इकाई के पदाधिकारीयों के कार्यकाल पूरा होने पर नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव आया।

सभी समितियां के लोगों ने सर्वसम्मत से अपने पुराने जिला अध्यक्ष संजय बरनवाल को अपना

नया अध्यक्ष चुन लिया। सबसे पहले महाराजा अहिबरन की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद सभी लोगों ने अपने विचार रखें। संजय बरनवाल ने कहा कि मुझे दोबारा जो भी दायित्व दिया गया है। उसका उसका तन मन धन से पालन करूंगा। समाज के भला के लिए जो भी हो सकेगा मैं पूरा करूंगा।

बैठक में जिला संरक्षक विनोद बरनवाल, जिला महामंत्री दुर्गेश बरनवाल, अवधेश बरनवाल, मुन्ना बरनवाल, अरविंद बरनवाल, अनुज बरनवाल, प्रेम प्रकाश बरनवाल, योगेंद्र बरनवाल,राजन बरनवाल, विश्वामित्र बरनवाल, रितेश बरनवाल, सिद्ध बरनवाल

लखनऊ में बिजली निजीकरण का विरोध

लखनऊ। विद्युत निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसी ओईईई) के बैनर तले विरोध हो रहा है। इसमें यूपी और चंडीगढ़ विद्युत निगम के निजीकरण को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विरोध हो रहा है। 21 जनवरी को भी काली पट्टी बांधने का अभियान जारी रहेगा। वहीं, आज पूरे दिन काली पट्टी बांधकर विरोध किया जा रहा है। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के पदाधिकारियों ने कहा कि उप्र में निजीकरण के लिए प्री बिडिंग कांफ्रेंस के विरोध में 23 जनवरी को देश के सभी राज्यों की राजधानियों में बिजली कर्मी विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रेस कांफ्रेंस कर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग करेंगे। वहीं, 1 फरवरी को चंडीगढ़ की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी द्वारा अधिग्रहीत किए जाने की योजना के विरोध में 31 जनवरी को देश के सभी

जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन होगा। मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, मुरादाबाद, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर, पनकी, ओबरा, पिपरी, अनपरा, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, झांसी, बांदा,आगरा, कानपुर में प्रदर्शन हुआ है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने राजधानी लखनऊ में लेसा, मध्यांचल मुख्यालय, पारेषण भवन, एसएलडीसी, उत्पादन निगम और शक्ति भवन मुख्यालय पर सभाओं को संबोधित किया। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने हेतु प्री बिडिंग कांफ्रेंस को तत्काल रद्द किया जाए। अन्यथा बिजली कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त हो रहा है। बिजली कर्मी प्री बिडिंग कांफ्रेंस का प्रान्त भर में प्रबल विरोध करेंगे। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स में आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन, आल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन,आल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इंडियन इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन, आल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन प्रमुख अखिल भारतीय फेडरेशन हैं।

संक्षिप्त डायरी

हमीरपुर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों का किया मौके पर डिस्पोजल

संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील में संपन्न हुआ। इस मौके पर आई शिकायतों के जल्द गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया । सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के बाद उनके निस्तारण के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को जरूर सुना जाए साथ ही अधिकारी शिकायत के निस्तारण के दौरान,स्थलीय निरीक्षण की लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं। इस दौरान जिलाधिकारी ने गरीब व जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के मद्देनजर कंबल वितरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक वख्त से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए साथ ही कहा कि शिकायतों का निस्तारण सात दिनों में जरुरी तौर से कर दिया जाए । शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का खास ख्याल रक्खा जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े साथ ही कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय साथ ही कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से तय किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी,पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम व सीओ हमीरपुर सहित अधिकारी रहे ।

साध्वी शशि लता बनीं राष्ट्रीय महासचिव महिला प्रकोष्ठ प्रकृति अनाथ आश्रम

संवाददाता

कसया, कुशीनगर। प्रकृति अनाथ आश्रम के राष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 108 आचार्य श्री गोंविन्द दास जी महाराज के निर्देश पर आश्रम के राष्ट्रीय प्रबन्धक मनोज कुमार दास ने साध्वी शशि लता को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव महिला प्रकोष्ठ मनोनीत किया है। उक्त जानकारी जनपद कुशीनगर के कसया तहसील के ग्राम धुरिया स्थित आश्रम के कैम्प कार्यालय पर प्रबन्धक श्री दास ने एक विज्ञप्ति में मुम्बई नालासोपारा, ईस्ट केरला स्टेशन देवीपाड़ा, थाना - सफाले जिला- पालघर निवासिनी साध्वी शशि लता के मनोनयन की जानकारी दी। मनोनयन पर महन्थ बलराम दास जी, साध्वी देवा ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लीना सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एडवोकेट पंकज सिंह उर्फ पूजा सिंह, यूपी महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कथा वाचिका प्रियंका द्विवेदी, महाराष्ट्र अध्यक्ष पुष्पा राकेश तिवारी, सलेमपुर सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ कुशवाहा, मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र कुशवाहा, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष सैयद मुस्तहर जह अहमद, एड. ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया नन्द शर्मा, प्रीति यादव, कुसुम मिश्रा, अनिल तिवारी, आशुतोष पाण्डेय, संतोष यादव, राजू मिश्रा, राज कुमार पाण्डेय, जयप्रकाश, अखिलेश, टूना मिश्रा, अलका सिंह, सविता मिश्रा ने बधाई दी है।

प्रसूता की मौत के बाद मायके-ससुराल में विवाद

बदायूं । प्रसूता की इलाज के दौरान मौत के मातम में आए मायके वालों और ससुरालियों के बीच विवाद हो गया। इसी बीच हुई धक्का-मुक्की में प्रसूता के ताऊ की गिरकर मौत हो गई। परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए ससुरालियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, तो पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। वहीं मुकदमे की तैयारी है। घटनाक्रम कोतवाली दातागंज इलाके के गांव डहरपुर का है। यहां रहने वाले केशव की शादी 17 फरवरी 2022 को शाहजहांपुर के थाना परौर इलाके के गांव बमनी नगला निवासी यपाल की बेटी वंदना (21) के साथ हुई थी। पिछले दिनों वंदना प्रेग्नेंट थी। ऐसे में उसका शहर के निजी अस्पताल की डॉक्टर से ट्रीटमेंट चल रहा था। 13 जनवरी को डिलीवरी का वक्त आया तो इस अस्पताल के डॉक्टर ने हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर ले जाने का सुझाव दिया। परिजन उसे बरेली के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन वहां भी उसकी हालत देख हायर सेंटर रेफर किया गया। इस पर ससुरालीजन उसे सैफई मेडिकल कालेज ले गए। वहां डिलीवरी के बाद वंदना को बेटी हुई। इसके बाद से वो वहीं पर भर्ती थी। जबकि रविवार रात उसकी मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर अपने गांव डहरपुर चले आए। इधर, मायके वाले सोमवार को ससुराल पहुंचे। ससुरालियों पर बेहतर इलाज न कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इसी बीच दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। वंदना के ताऊ मुन्नालाल (70) गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया और पुलिस बुला ली। एसएचओ दातागंज गौरव विश्नोई ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

स्टार्टअप के नए कॉन्सेप्ट : डिटेलिंग क्राफ्ट कम्पनी का राज्य मंत्री राजेश नागर ने किया उद्घाटन

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी के आवाहन पर पढ़ लिख चुके नवयुवक अब नौकरी की तलाश छोड़ स्टार्टअप के तहत नए कॉन्सेप्ट अपना कर अपने खुद के व्यवसाय की तरफ रुख कर रहे है। इसी के तहत पलवल निवासी नमन गुप्ता एडवोकेट एवं जतिन फागना एडवोकेट ने मिलकर सेक्टर 82 फरीदाबाद स्थित ओमैक्स वर्ल्ड स्ट्रीट के सामने डिटेलिंग क्राफ्ट कम्पनी की शुरुआत की है। जिसका भव्य उद्घाटन खाद्य,नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने रीबन काट कर किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मेवला महाराजपुर के विधायक सतीश फागना शामिल रहे,जबकि समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के उपाध्यक्ष संतगोपाल गुप्ता ने की। उद्घाटन के बाद खाद्य,नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री

श्री राजेश नागर एवं अन्य अतिथियों का शाल उढ़ा एवं बुक्के भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुए खाद्य,नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने कहा की माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंदर मोदी के आवाहन पर हरियाणा सरकार पढ़े लिखे युवकों को अपने व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित कर रही है और ऐसे प्रयास कर रही है की पढ़े लिखे नव युवक नौकरी मांगने की बजाय नौकरी देने लायक बने। डिटेलिंग क्राफ्ट कम्पनी की शुरुआत करने वाले पलवल निवासी नमन गुप्ता एडवोकेट ने बताया की यह एक दम नया कॉन्सेप्ट है जहां नयी एवं महंगी गाड़ियों में पेंट प्रोटेक्शन फ़िल्म (पीपीएफ) करने,सिरेमिक कोटिंग करने एवं ग्राफीन कोटिंग की सुविधा के साथ साथ नयी एवं पुरानी गाड़ियों में डेंट पेंटिंग तथा कार रैप जैसे कार्य उच्च सकिल के कारीगरों द्वारा किये जायेंगें। उन्होंने बताया प्राय गाडी मालिकों को इस प्रकार के कार्यों के लिए दिल्ली जाना पड़ता था लेकिन अब जिला फरीदाबाद और पलवल के कार मालिकों उपरोक्त सभी सेवाएं यहां उपलब्ध होंगी।

समाधान शिविर: नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक अभिनव पहल

फरीदाबाद, बल्लभगढ़ व बड़खल उपमंडल सहित नगर निगम में भी आयोजित हो रहे हैं समाधान शिविर

समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह

फरीदाबाद। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में फरीदाबाद जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में सोमवार को सीटीएम अंकित कुमार ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सीटीएम अंकित कुमार ने बताया कि शिकायतों के समाधान के लिए लग रहे समाधान शिविर में आमजन अपनी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निरंतर समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों के समाधान की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा भी निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी भी की जा रही है।

सीटीएम ने समाधान शिविर में आई शिकायतों में से का अधिकांश का मौके पर ही निदान किया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है।

मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। आर टू एफ मार्शल आर्ट एकेडमी फरीदाबाद द्वारा बल्लभगढ़ में बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें दर्जनभर से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एकेडमी के जनरल सेक्रेटरी शियान दुष्यंत सैनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कोच दिवाकर सैनी भी मौजूद थे।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। शियान दुष्यंत सैनी ने बताया कि बेल्ट टेस्ट के दौरान खिलाडियों के हुनर को देखा गया। खिलाडियों की मेहनत के अनुसार उन्हें ब्लैक, येल्लो, ग्रीन, पिंक बेल्ट प्रदान की गई है। खिलाड़ियों को खेल के गुर सिखाए गए है।

खिलाडियों को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने बताया कि खिलाडियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया है। खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आने वाले समय में खिलाडी जिला स्तरीय व प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने माता पिता का नाम रोशन करेगें।

उपायुक्त अजय कुमार ने समाधान शिविर में सुनी 31 शिकायतें

अधिकारियों को समय सीमा में उचित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

समाचार गेट/संजय शर्मा

गुरुग्राम। समाधान शिविर में उपायुक्त अजय कुमार ने आज 31 शिकायतों पर संबधित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन शिकायतों व मांगों पर उचित समय सीमा में अधिकारी कार्रवाई कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित किए गए इस समाधान शिविर में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति गुरुग्राम ने उपायुक्त के समक्ष मांग रखी कि जिला परिषद स्वतंत्रता सेनानी सभागार के समीप सैनिक सदन का निर्माण करवाने के लिए संगठन को दो एकड़ की भूमि प्रदान की जाए। समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल, महासचिव बिजेंद्र सिंह ठाकरान आदि ने बताया कि हर एक जिला में हरियाणा सरकार ने पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों, स्वतंत्रता सेनानी परिवार तथा वार हीरोज के परिवारों की भलाई के लिए सैनिक सदन बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की हुई है। गुरुग्राम में इस भवन के निर्माण की नितांत आवश्यकता है। उपायुक्त ने जिला परिषद के सीईओ को इस बारे में उचित तथ्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। गांव बिलासपुर निवासी रोशनलाल ने बताया कि उनके गांव में डिपो होल्डर की दुकान में बहुत तंग जगह है। इसलिए राशन लेने के लिए ग्रामवासियों को लाइन में खड़ा होने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाता। उसने कहा कि इस डिपो को बिलासपुर के किसी सार्वजनिक स्थान पर चलाने की अनुमति प्रदान की जाए। उपायुक्त ने जिला खाद्य पूर्ति नियंत्रक को इस मामले में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। समाधान शिविर में नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम, एसीपी सुशीला, सदर कानूनगो गुलाब सिंह, डीटीपी से प्लानिंग ऑफिसर पुनीत छोंकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

ड्रोन ट्रेनिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं युवा, करनाल में सात दिन तक दिया जाएगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

समाचार गेट/संजय शर्मा

गुरुग्राम। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने ड्रोन का प्रशिक्षण लेने के इच्छुक युवाओं से पांच फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। कृषि कार्य में फसलों पर कीटनाशकों का स्प्रे ड्रोन के द्वारा किया जाता है। इस तकनीक से किसान के समय की बचत तो होती ही है, फसलों पर दवाईयों का छिड़काव भी अच्छी तरह से होता है। सहायक कृषि अभियंता यादवेंद्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति ड्रोन ट्रेनिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। ये आवेदन कृषि विभाग की वेबसाइट एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण सात दिन तक करनाल में दृश्य एजेंसी की ओर से दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षु से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। आवेदक के पास परिवार पहचान-पत्र, कम से कम मैट्रिक का शैक्षणिक प्रमाण-पत्र व मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना चाहिए। यादवेंद्र सिंह ने बताया कि आवेदक किसी एफपीओ या सहकारी समिति का सदस्य होना चाहिए। एक संगठन से एक ही सदस्य ड्रोन प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदकों की मेरिट लिस्ट तैयार कर उनके नाम तय किए जाएंगे। इस बारे में किसान सहायक कृषि अभियंता या कृषि विभाग के उप निदेशक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग ने प्रदेश में 500 युवाओं को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभी तक प्रथम व द्वितीय चरण में 267 युवक यह ट्रेनिंग ले चुके हैं। गुरुग्राम जिला में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं की संख्या सात

है। इसके अलावा इफको ने भी दो महिलाओं का यह ट्रेनिंग दिलवाई है।

स्कूल वाहनों की जांच का चलाया जाएगा अभियान : एसडीएम रविंद्र कुमार

समाचार गेट/संजय शर्मा

गुरुग्राम। गुरुग्राम के जिला परिवहन अधिकारी एवं एसडीएम रविंद्र कुमार ने कहा है कि हरियाणा सरकार की सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की अनुपालना के लिए स्कूल वाहनों की जांच का अभियान आरटीए ऑफिस की ओर से चलाया जाएगा। परिवहन विभाग के राज्य आयुक्त सी.जी. रजनीकांथन से आज हुई वीडियो कांफ्रेंस के बाद एसडीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि स्कूली विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति हरियाणा सरकार पूरी तरह गंभीर है। स्कूल बसों के सुरक्षित आवागमन के लिए यह जरूरी है कि इन बसों के चालक यातायात नियमों का ठीक ढंग से पालन करें और बस की कंडीशन ठीक रहनी चाहिए। परिवहन आयुक्त ने वीसी में निर्देश दिए कि रोजाना कम से कम चार-पांच स्कूलों की बसों की जांच होनी चाहिए। किसी वाहन में कोई त्रुटि नजर आती है तो उसका चालान किया जाए। उन्होंने कहा कि इन दिनों सुबह के समय धुंध का मौसम रहता है। इस मौसम में स्कूल बसों की गति धीमी रखनी चाहिए तथा बसों पर पीली लाइटें लगी हों। बसों में फर्स्ट एड की किट, सीसीटीवी कैमरा, प्रशिक्षित चालक-परिचालक, बसों पर हेल्पलाइन नंबर आदि अंकित होनी चाहिए। बसों में उतने ही बच्चे बैठाएं जाएं, जितनी कि सीट हों। एसडीएम ने बताया कि 21 जनवरी से जिला की शिक्षण संस्थाओं के वाहनों की जांच का अभियान शुरू किया जाएगा। इस दौरान स्कूल वाहन पॉलिसी के अनुसार उनका निरीक्षण किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री श्री एचडी कुमारस्वामी ने मानेसर स्थित आईसीएटी संस्थान का किया दौरा, भारत के ऑटोमोटिव इनोवेशन की सराहना की

आईसीएटी भारत की ऑटोमोटिव आकांक्षाओं का एक महत्वपूर्ण स्तंभ : श्री एचडी कुमारस्वामी

केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत को वैश्विक ऑटोमोटिव लीडर बनाने में आईसीएटी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी

समाचार गेट/संजय शर्मा

गुरुग्राम। केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री श्री एचडी कुमारस्वामी ने आज मानेसर में इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) का दौरा किया। इस दौरान आईसीएटी प्रबंधन ने उन्हें उन्नत प्रयोगशालाओं, परीक्षण पथों और अत्याधुनिक तकनीकों, जिसमें क्रैश टेस्ट, प्रतिध्वनि अध्ययन के लिए ध्वनिक कक्ष और ईंधन प्रवाह परीक्षण तंत्र शामिल हैं, का गहन अवलोकन कराया।

केंद्रीय मंत्री ने इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स लैब तथा उन्नत ऑटोमोटिव आईटी सेवाओं के लिए उत्कृष्टता केंद्र (एएआईटीएस) का शिलान्यास करने उपरांत मीडियाकर्मियों से बात करते हुए

कहा कि आईसीएटी संस्थान विकसित भारत की संकल्पना व ऑटोमोटिव उत्कृष्टता की दिशा में भारत के अभियान का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि आईसीएटी की अत्याधुनिक सुविधाएँ, जिसमें इसकी उन्नत प्रयोगशालाएँ और परीक्षण अवसंरचना शामिल हैं, ऑटोमोटिव नवाचार में भारत की क्षमताओं का प्रमाण हैं। श्री कुमारस्वामी ने भारी उद्योग मंत्रालय की नवाचार को बढ़ावा देने, नीतिगत ढांचे बनाने और भारत को ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आईसीएटी केवल एक परीक्षण और अनुसंधान सुविधा नहीं है, यह भारत में गतिशीलता के भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए मंत्रालय और सरकार के साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने फेम योजना, पीएम ई ड्राइव और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी सरकारी पहलों में आईसीएटी के महत्वपूर्ण योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने ऑटोमोटिव क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में आईसीएटी की भागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह संस्थान भारत की ऑटोमोटिव आकांक्षाओं का प्रतीक है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और टिकाऊ परिवहन में हमारे बदलाव में महत्वपूर्ण योगदान देता है। केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि भारी उद्योग मंत्रालय आईसीएटी को इसके निरंतर विकास और सफलता को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव तरीके से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

बेहतरीन कार्य करने वाले 09 पुलिसकर्मियों को पुलिस उपायुक्त ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। उच्च अधिकारियों द्वारा अच्छे कार्य करने वाले पुलिसकर्मचारियों को सम्मानित भी किया जा रहा है। इस क्रम में पुलिस उपायुक्त हृद्धञ्ज कुलदीप सिंह ने ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 09 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

ये सभी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी में बेहतरीन कार्य करने के लिए चुने गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बतलाया कि सब इंस्पेक्टर सतवीर व संजय को धौज थाना के एक हत्या के मामले को सफल बनाने, सब इंस्पेक्टर नीरज व मुख्य सिपाही अजीत को मादक पदार्थ पकडने, सब इंस्पेक्टर बिजेन्द्र, सहायक उप निरीक्षक गुलशन व मुख्य सिपाही देवराज को मुजेसर थाने के एक 4 वर्ष पुराने हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने तथा सब इंस्पेक्टर जगबीर व मुख्य सिपाही प्रमोद को नए कानूनों के संबंध में ई-साक्ष्य एप को पूर्णत: लागू करने व ठीक प्रकार से प्रशिक्षण देने बारे सराहनीय कार्य करने पर पुलिस उपायुक्त हृद्धञ्ज के द्वारा प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित किया है। पुलिस उपायुक्त ने सभी को भविष्य में भी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

संपादकीय

कश्मीरी पंडितों के पलायन के चालीस साल

40 वर्ष पूर्ण हुए किन्तु कश्मीरी पंडितों के घरों पर हिजबुल द्वारा नोटिस चिपकाए जानें से लेकर विस्थापन तक और विस्थापन से लेकर आज तक के समय में मानवाधिकार, मीडिया, सेमीनार, तथाकथित बुद्धिजीवी, मोमबत्ती बाज और संयुक्त राष्ट्र संघ सभी इस विषय में कमोबेश बोले या नहीं यह तो नहीं पता किन्तु इन कश्मीरी पंडितों की समस्या का कोई ठोस हल अब तक नहीं निकला यह समूचे विश्व को पता है ये सच से मूंह मोड़ने और शुतुरमुर्ग होनें का ही परिणाम है कि कश्मीरियों के साथ हुई इस घटना को शर्मनाक ढंग से स्वेक्च्छा से पलायन बताया गया! इस घटना को राष्ट्रीय मनावाधिकार आयोग ने सामूहिक नर संहार माननें से भी इंकार किया; ये घोर अन्याय और तथ्यों की असंवेदी अनदेखी है!! नरेन्द्र मोदी सरकार कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास हेतु प्रतिबद्ध है और वह इस प्रतिबद्धता को दोहराती रही है। कश्मीर के सर्वाधिक नए जन सांख्यिकीय आंकड़ों पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के समय वहां घाटी में 15% कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1% से नीचे होकर 0% की ओर बढ़ गई है। हाल ही के इतिहास में कश्मीर के ज.स. सांख्यिकी में यदि परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक खोजें तो वह एक दिन, यानि 19 जनवरी 1990 के नाम से जाना जाता है। कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ देनें की इस घटना की यह भीषण और वीभत्स कथा 1989 में आकार लेनें लगी थी। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी यहाँ अपनी जड़ें बैठा चुके थे। भारत सरकार आतंकवाद की समाप्ति में लगी हुई थी तब के दौर में वहां रह रहे ये कश्मीरी पंडित भारत सरकार के मित्र और इन आतंकियों और अलगाववादियों के दुश्मन और खबरी सिद्ध हो रहे थे। इस दौर में कश्मीर में अलगाववादी समाज और आतंकवादियों ने इस शांतिप्रिय हिन्दू पंडित समाज के विरुद्ध चल रहे अपनें धीमे और छदम संघर्ष को घोषित संघर्ष में बदल दिया। इस भयानक नरसंहार पर फारुक अब्दुल्ला की रहस्यमयी चुप्पी और कश्मीरी पंडित विरोधी मानसिकता केवल इस घटना के समय ही सामने नहीं आई थी। तब के दौर में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला अपने पिता शेख अब्दुल्ला के क़दमों पर चलते हुए अपना कश्मीरी पंडित विरोधी आचरण कई बार सार्वजनिक कर चुके थे। 19 जनवरी 1990 के मध्ययुगीन, भीषण और पाशविक दिन के पूर्व जमात-ए-इस्लामी द्वारा कश्मीर में अलगाववाद को समर्थन करने और कश्मीर को हिन्दू विहीन करनें के उद्देश्य से हिज्बुल मुजाहिदीन की स्थापना हो गई थी। इस हिजबुल मुजाहिदीन नें 4 जनवरी 1990 को कश्मीर के स्थानीय समाचार पत्र में एक एक विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जिसमें स्पष्टत: सभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई थी। इस क्रम में उधर पाकिस्तानी प्रधानमन्त्री बेनजीर नें भी टीवी पर कश्मीरियों को भारत से मुक्ति पानें का एक भड़काऊ भाषण दे दिया। घाटी में खुले आम भारत विरोधी नारे लगनें लगे। घाटी की मसजिदों में अजान के स्थान पर हिन्दुओं के लिए धमकियां और हिन्दुओं को खदेड़ने या मार-काट देने के जहरीले आव्हान बजनें लगे। एक अन्य स्थानीय समाचार पत्र अल-सफा ने भी इस विज्ञप्ति का प्रकाशन किया था। इस भड़काऊ, नफरत, धमकी, हिंसा और भय से भरे शब्दों और आशय वाली इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के बाद कश्मीरी पंडितों में गहरें तक भय, डर घबराहट का संचार हो गया। यह स्वाभाविक भी था क्योंकि तब तक कश्मीरी पंडितों के विरोध में कई छोटी बड़ी घटनाएं वहां सतत घाट ही रही थी और कश्मीरी प्रशासन और भारत सरकार दोनों ही उन पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे थे। 19जन. 1990 की भीषणता को और कश्मीर और भारत सरकार की विफलता को इससे स्पष्ट समझा जा सकता है कि पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर और दुकानों पर नोटिस चिपका दिए गए थे कि 24 घंटो के भीतर वे घाटी छोड़ कर चले जाएँ या इस्लाम ग्रहण कर कड़ाई से इस्लाम के नियमों का पालन करें। घरों पर धमकी भरें पोस्टर चिपकाने की इस बदनाम घटना से भी भारत और कश्मीरी सरकारें चेती नहीं और परिणाम स्वरुप पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर धूं-धूं जल उठे। तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला इन घटनाओं पर रहस्यमयी आचरण अपनाए रहे, वे कुछ करनें का अभिनय करते रहे और कश्मीरी पंडित अपनी ही भूमि पर ताजा इतिहास की सर्वाधिक पाशविक- बर्बर-क्रूरतम गतिविधियों का खुले आम शिकार होते रहे, घाटी में पहले से फैली अराजकता चरम पर पहुँच गई। कश्मीरी पंडितों के सर काटे गए, कटे सर वाले शवों को चौक-चौराहों पर लटकाया गया। बलात्कार हुए, कश्मीरी पंडितों की स्त्रियों के साथ पाशविक-बर्बर अत्याचार हुए। गर्म सलाखों शरीर में दागी गई और इज्जत आबरू के भय से सैकड़ों कश्मीरी पंडित स्त्रियों ने आत्महत्या करनें में ही भलाई समझी। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों के शवों का समुचित अंतिम संस्कार भी नहीं होनें दिया गया था, कश्यप ऋषि के संस्कारवान कश्मीर में संवेदनाएं समाप्त हो गई और पाशविकता-बर्बरता का वीभत्स नंगा नाच दिखा था। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और हिजबुल मुजाहिदीन ने जाहिर और सार्वजनिक तौर पर इस हत्याकांड का नेतृत्व किया था। ये सब एकाएक नहीं हुआ था, हिजबुल और अलगाववादियों का अप्रत्यक्ष समर्थन कर रहे फारुख अब्दुल्ला तब भी चुप रहे थे या कार्यवाही करनें का अभिनय मात्र कर रहे थे जब भाजपाई और कश्मीरी पंडितों के नेता टीकालाल टपलू की 14 सितम्बर 1989 को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

अलगाववादियों को कश्मीर प्रशासन का ऐसा वरद हस्त प्राप्त रहा कि बाद में उन्होंने कश्मीरी पंडित और श्रीनगर के न्यायाधीश एन. गंजू की भी हत्या की और प्रतिक्रया होनें पर 320 कश्मीरी स्त्रियों, बच्चों और पुरुषों की हत्या कर दी थी। ऐसी कितनी ही हृदय विदारक, अत्याचारी और बर्बर घटनाएं कश्मीरी पंडितों के साथ घटती चली गई और दिल्ली सरकार लाचार देखती भर रही और उधर श्रीनगर की सरकार तो जैसे खुलकर इन आतताइयों के पक्ष में आ गई थी। इस पृष्ठभूमि में हिजबुल और जेकेएलएफ़ का दुस्साहस बढ़ना स्वाभाविक ही था और वह निर्णायक तौर पर कश्मीरी पंडितों की दुकानों-घरों पर 24 घंटे में घाटी छोड़ देनें या मार दिए जानें की धमकी के नोटिस चस्पां करनें की हद तक बढ़ गया। इसके बाद जो हुआ वह एक दुखद, क्षोभजनक, वीभत्स, दर्दनाक और इतिहास को दहला देनें वाले काले अध्याय के रूप में सामनें आया।

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

भाजपा नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन के भाई के निधन पर चौथे दिन नूंह निवास पर शोक जताने वाले लोगो का तांता लगा रहा

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। नूंह विधानसभा से भाजपा नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन के भाई रफीक खान के निधन के चौथे दिन कई बड़े नेता शोक जताने उनके नूहं में मेडिकल मोड़ पर स्थित आवास पर पहुंचे। इस दौरान मुख्य रूप से पहुंचने वाले नेताओं में पुन्हाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे ऐजाज खान, पूर्व स्छरू पुन्हाना एवं डिप्टी सीईओ स्छ लक्ष्मी नायारण, खुर्शीद राजाका, आशीष पुन्हाना, निशा सैनी, कृष्ण दायमा, मुकेश उजिना, रमेश झिरका, वकील सरपंच टेरकपुर, इमरान सरपंच फिरोजपुर नमक, संजय मनोचा चेयरमैन नगर पालिका नूहं, मुनेश फोजी उजीना, डॉ. के.डी, मास्टर सुभाष खेड़ला, डॉ सुरेश बघेल, डॉ वेदराम, इशाक एडवोकेट, अंशुल सैनी, सोहराब ष्ठ्ठ, कमर जेई, समीम जेई, नियामत पार्षद, सुलेमान निजामपुर, समीम पार्षद, ज़ाहिद, इब्राहिम, जमील मेवली, महमूद निजामपुर, आशिफ चंदेनी, साजिद सरपंच उंटका, आरिफ सरपंच खेड़ला, फारूक, हसीन फिरोजपुर नमक, खुर्शीद बड़का अलीमुद्दीन, इमरान सरपंच घासेड़ा, मास्टर उस्मान, जेद सलाहेड़ी, अब्दुल हई टाई, शेर सिंह डागर, हारून, सरपु, सहित अन्य गणमान्य सेकड़ो की तादाद में लोग पहुंचे। बता दें कि चौधरी जाहिद हुसैन चेयरमैन व उनका परिवार क्षेत्र में राजनीतिक व सामाजिक दृष्टि से अपनी विशेष पहचान रखता है। बीते चार दिनों में नूंह जिला के साथ अन्य जगहों से हजारों की संख्या में भाई के निधन पर सगे संबंधी शोक जताने पहुंचें। सोमवार को शोक जताने वाले सेकड़ो लोगो का नूहं मेडिकल मोड़ पर स्थित आवास पर तांता लगा रहा।

आयुष्मान भारत योजना के तहत हुसैन हॉस्पिटल मुफ्त में कर रहा गुर्दे की पथरी और हड्डियों के सभी प्रकार के ऑपरेशन

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। शहर में मेडिकल मोड पर स्थित हुसैन हॉसपिटल में भारत सरकार की महत्वपूर्ण आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगभग पिछले 6 महीनो से पित्ते में पथरी, अपेंडिक्स, हर्निया जैसी सर्जरी मुफ्त में की जा रही थी, लेकिन अब इनके साथ-साथ गुर्दे में पथरी व हड्डियों के सभी प्रकार के ऑपरेशन आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त में किए जा रहे हैं आपको बता दें कि मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना के तहत सामान्य बीमारियों से लेकर सभी प्रकार की सर्जरी बिल्कुल मुफ्त में की जाती हैं लेकिन इन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए मेवात के भोले भाले लोगो को गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी या फिर दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन हुसैन हॉसपिटल के संचालक डॉ. आबिद हुसैन के अथक प्रयासों से हर्निया, अपेंडिक्स, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी व हड्डियों के सभी प्रकार के ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मुफ्त में किए जा रहे हैं मेवात जो की शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है और अज्ञानता के कारण यहां के नागरिक दूर शहर में जाकर अपना इलाज करवाने में असमर्थ थे जो कि अब किसी अन्य शहर में जाकर उपचार कराने के बजाय आपको शहर नूहं में ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आप फ्री में अपना उपचार करवा सकते हैं मेवात क्षेत्र के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलबंध है जहां पर निजी अस्पताल में आपको सामान्य बीमारियों से लेकर अन्य सर्जरी तक के लिए एक भी पैसा देने की जरूरत नहीं है आपका इलाज बिल्कुल फ्री में किया जाएगा।

हुसैन हॉसपिटल में अब तक सैकड़ो लोग अपना ऑपरेशन मुफ्त में कर चुके हैं और योजना का लाभ ले चुके हैं इसलिए यदि आपको गुर्दे में पथरी, पित्ते की पथरी, हर्निया, अपेंडिक्स तथा हड्डी के किसी भी प्रकार के ऑपरेशन के लिए कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है और ना ही पैसे खर्च करने की आवश्यकता है क्योंकि ये सारे ऑपरेशन हुसैन हॉसपिटल नूहं में आयुष्मान योजना के तहत फ्री में किए जाते हैं जिसके लिए आपको सिर्फ अपना आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड लेकर अस्पताल पहुंचना है।

उपायुक्त ने जिला के आकांक्षी खंड नूंह व पुन्हाना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

कहा— जनता को मिलना चाहिए सरकार की सभी योजनाओं का लाभ

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला नूंह के आकांक्षी खंड नूंह व पुन्हाना में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सहायक सेवाएं, बुनियादी ढांचा व सामाजिक विकास के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों में नीति आयोग की हिदायतों अनुसार तत्परता से कार्यवाही की जाए, ताकि जनता को सरकार की योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सके।

उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में आकांक्षी खंड नूंह व पुन्हाना में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस जिला में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं के लिए बेहतर कार्य किए जाएं। अब तक हुए कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग सभी बिंदुओं पर बेहतर कार्य करें। कृषि क्षेत्र में विकास की अनेक संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं के अनुरूप कृषि व किसानों के विकास के कार्य किए जाएं, ताकि कृषि क्षेत्र में अधिक रोजगार के अवसर पैदा हों और किसानों व युवाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर बने। किसानों को छोटे समूहों को अपना एफपीओ बनाने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि वे अपने प्रोडक्ट को अच्छी मार्केटिंग कर पेकिंग के साथ बाजार में बेच सकें। इसके साथ ही एमएसएमई विभाग की ओर से कई योजनाओं व कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए बैंक से ऋण की सुविधा भी प्रदान की जाए। शिक्षा क्षेत्र में विकास के लिए सभी नयी संभावनाओं की तलाश की जाए तथा इस पर गंभीरता से कार्य हो, ताकि यहां के सभी बच्चों व युवाओं को शिक्षा के साथ जोड़ा जा सके। शिक्षा का स्तर बढ़ने से रोजगार के अवसर भी बढेंगे। यहां के युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए ऋण योजनाओं का भी लाभ दिया जाए। इस जिला में अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। सामाजिक विकास की दिशा में भी जिले में कार्य हों, जिसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाए। इस बैठक में जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार गुलिया, एसडीएम पुन्हाना संजय कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

हाईकोर्ट की समय सीमा समाप्त, नहीं किया गया बागोत के मोहित का अंतिम संस्कार

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना खंड के गांव बाागोत निवासी मोहित सुसाइड केस में हाईकोर्ट के आदेश की समयसीमा समाप्त होने के बावजूद मृतक का दाह संस्कार नहीं किया जा सका है। जिसे लेकर पुलिस एवं प्रशासन की ओर से हाईकोर्ट में रिप्लाई दी जाएगी। एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत एवं डीएसपी दिनेश कुमार इस मामले सहित मानव अधिकार आयोग में भेजी दरखास्त के संदर्भ में सोमवार सुबह चंडीगढ प्रस्थान कर गए। जहां अथोरिटी के फैसले का सांय तक इंतजार है। मृतक के पिता कैलाशचंद द्वारा पिछले सप्ताह पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ में अर्जी दाखिल कर आरोप एवं हालात बयां किए थे। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायधीश हरप्रीत सिह बरार ने कैलाशचंद को फांसी लगाकर मरे युवक मोहित, 26 वर्ष का 3 दिन में अंतिम संस्कार करने के आदेश दिए थे। तीन दिन का समय रविवार, 19 जनवरी को पूरा हो गया है लेकिन शव का दाह संस्कार नहीं किया गया है।

हाईकोर्ट में कैलाश चंद की अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई कर 3 दिन में अंतिम संस्कार करने के दिए थे आदेश

हाईकोर्ट के न्यायधीश ने बृहस्पतिवार को आदेश जारी कर अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को भी शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए थे। कोर्ट के इस आदेश के बाद ग्रामीणों एवं जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली थी। लेकिन कोर्ट के आदेश की समयावधि समाप्त होने के बावजूद भी स्थिति जस की तस है। हालांकि पिछले समय कैलाशंचद द्वारा शव का मणिकर्णिका घाट,काशी, वाराणसी में अंतिम संस्कार करने की बात कही जा रही थीकेस दर्ज होने के बाद परिजन शव का मणिकर्णिका घाट,काशी, वाराणसी में अंतिम संस्कार करने की कह रहे थे। बीते शुक्रवार को एसडीएम जितेंद्र सिंह, थाना इंचार्ज मुकेश कुमार, युद्धवीर सिंह, कानूनगो उमेद सिंह जाखड, पटवारी प्रदीप कुमार, विक्रम सिंह, सुधीर कुमार होई कोर्ट का नोटिस तामील करवाने बागोत गए थे जिसे कैलाशचंद ने पहले एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए लेने से मना कर दिया था। केस दर्ज होने के बाद मोहित का अंतिम संस्कार करने करने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि कैलाश चंद के 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा बीती 13 दिसंबर 2024 की रात्री को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मोहित इस दिन किसी बर्थडे पार्टी में सरीक होकर आया था। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे उपनागरिक अस्पताल कनीना में भिजवाकर शनिवार 14 दिसंबर 2024 को उसका पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता ने प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर शव लेने से मना कर दिया था। पुलिस प्रशासन ने इस सम्बंध में साक्ष्य उपलब्ध करवाने को कहा। जिन्हें वे पेश नहीं कर सके। पिछले 38 दिन से मृतक युवक का शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण पनप रहा है। शव का अंतिम संस्कार नहीं करने को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

बल्लभगढ़ में स्वीपिंग मशीन ने की सड़कों की सफाई,लोगों ने राहत की सांस ली

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। 20 जनवरी नगर निगम फरीदाबाद के सफाई विभाग द्वारा बीती रात बल्लभगढ़ के गुप्ता होटल से अम्बेकर चोक मोहना रोड, सरकारी अस्पताल रोड ,चावला कॉलोनी शनि मंदिर रोड और थाना शहर रोड और बस अड्डा मार्किट की रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई कराई गई है, उसके बाद यहां से निकलने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। बता दे कि निगम के सफाई विभाग की टीम हर रोज सफाई का कार्य कर रही है लेकिन उसके बाद भी बारीक मिट्टी सड़क पर रह जाती है जिसकी सफाई स्वीपिंग मशीन द्वारा कराई जाती है। पिछले सप्ताह बारिश और मौसम में नमी होने की वजह से सड़कों पर स्वीपिंग मशीन से सफाई नहीं हो पा रही थी, लेकिन कल रविवार की रात को सफाई निरक्षक बृजमोहन शर्मा की देखरेख में यह कार्य कराया गया।

किसानों ने सर्किल रेट बढाकर जमींन का मुआवजा देने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। बिजली लाईन बिछाने के लिए लगाए जा रहे टावर खंबो से खराब होने वाली फसल तथा एक्वायर होने वाली भूमि का मार्केट रेट पर मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर गुढा गांव के किसानों ने सोमवार को नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल को ज्ञापन सौंपा है। गाव के सरपंच वीरेंद्र दीक्षित के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों से गुजरने वाली 765 केवी खेतडी-नरेला ट्रांशमिशन लाईन के तार, पिल्लर के रेट आदि सर्किल रेट निर्धारित किए गए हैं, जो कम हैं। जबकि झज्जर जिले में इसी पावर ग्रिड कम्पनी ने सर्किल रेट बढाकर दोगुने कर दिए हैं। किसानों ने कहा कि महेंद्रगढ जिले में भी सर्किल रेट बढाए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए शीघ्र ही कमेटी का गठन कर मार्केट रेट निर्धारित कर नई दर से मुआवजा वितरित किया जाए। इस मौके पर मुकेश यादव, पूर्व सरपंच धर्मपाल, रमेश कुमार, रोहताश, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, नाहर सिंह, ताराचंद, अनिल, नरेश, एर्मिला, निहाल सिंह, सुरेश, हरफूल, संदीप उपस्थित थे।

शुक्रवार से लापता 19 वर्षीय युवति का नहीं लगा सुराग

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना सिटी थाना अंतर्गत एक 19 वर्षीय युवति लापता हो गई। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं सका है। इस बारे में भागीरथ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 17 जनवरी,शुक्रवार को सांय करीब छह बजे दसवीं कक्षा पास युवति बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नही लगा। उन्होंने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवति को छुपाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवति की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

एचकेआरएन से नहर विभाग में कर्मियों को लगाने की मांग

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन शाखा कनीना व अटेली के कर्मचारियों की बैठक सोमवा को रेवाड़ी रोड स्थित जलघर प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्रांच प्रधान कृष्ण कुमार पूनिया ने की। उन्होंने कहा कि नहर विभाग में लगे एचकेआरएन र्मचारियों को हटाया गया है। जिससे कार्य प्रभावित हुआ है। उनकी पुन: नियुक्ति की मांग को लेकर आज मंगलवार, 21 जनवरी को नहर विभाग के परिमंडल कार्यालय महेंद्रगढ पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें कनीना व अटेली के कर्मचारी भी हिस्सा लेगें। इसी दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में चेयरमैन वेदपाल तंवर, जयपाल यादव, राकेश खोला, जसवंत, वेदप्रकाश, परमजीत, राजेश, कुलदीप, राजेश शर्मा, कंवर सिंह, सचिन शर्मा, संजय शर्मा उपस्थित थे।

आईटीआई के सक्षम युवा संभालेंगे निगम की टीम के साथ लाल डोरा आबादी की प्रॉपर्टी (सर्टिफाइड) के प्रमाणीकरण का कार्य

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। स्वामित्व योजना के अंतर्गत लाल डोरा आबादी प्रॉपर्टी के कागजातों का सेल्फ सर्टिफिकेशन करने के लिए सभी क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी की टीम घर घर जाकर अथवा कैंप के माध्यम से प्रॉपर्टी के सत्यापन का कार्य कर रही है। अब इस कार्य में फरीदाबाद की एनआईटी नंबर 5 स्थित आईटीआई के सक्षम युवा भी शामिल रहेंगे। इस कार्य को अब और तेज गति के साथ पूरा किया जाएगा जिसमें सक्षम युवाओं की अहम भूमिका रहेगी। आईटीआई से निगम में फील्ड ट्रेनिंग पर आए 27 सक्षम युवाओं की टीम सभी क्षेत्रीय कर अधिकारियों द्वारा नियुक्त टीम के साथ कार्य करेगी और नगर निगम और आमजन के बीच कड़ी का काम करेंगे। नगर निगम मुख्यालय के निगम सभागार में आज नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने सभी फील्ड ट्रेनिंग के लिए आए सक्षम युवाओं के साथ चर्चा की और इस अवसर पर बधाई देते हुए उन्हें सर्टिफाइड कार्य के लिए डेमो भी दिलवाया गया कि किस तरीके से सेल्फ सर्टिफिकेशन का कार्य करना है। इस अवसर पर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि सक्षम युवा बेहतर कार्य करेंगे तो उन्हें निगम की तरफ से प्रशंसा पत्र भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी के बाद और भी फील्ड ट्रेनिंग के लिए समम युवा नगर निगम में शामिल होंगे। उन्होंने सक्षम युवाओं से कहा की बेहतर कार्य करने से जीवन के रास्ते भी सुगम बनते हैं उन्होंने सभी आईटीआई सक्षम युवा छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि अपना कार्य बेहतर तरीके से और ईमानदारी के साथ करें। इस मौके पर एडिशनल कमिश्नर स्वपलिन रविंद्र पाटिल,एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल,जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग,जॉइंट कमिश्नर गजेंद्र सिंह अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

जबरन कोलकाता पुलिस से छीन लिया गया केस, कोर्ट के फैसले पर बोलीं ममता बनर्जी- मैं संतुष्ट नहीं

पटना (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को कोलकाता की अदालत द्वारा मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने पर निराशा व्यक्त की। सियालदह अदालत के फैसले पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में ममता बनर्जी ने कहा, मैं संतुष्ट नहीं हूं। हम सभी ने मौत की सजा की मांग की, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दे दिया। बनर्जी ने दावा किया कि जांच कोलकाता पुलिस से जबरन छीन ली गई, और कहा कि अगर यह उनके पास होती, तो उन्होंने मौत की सजा सुनिश्चित की होती। मुर्शिदाबाद जिले में पत्रकारों से बात करते हुए बनर्जी ने मामले की सीबीआई जांच पर सवाल उठाया। ममता बनर्जी ने कहा कि हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने मौत तक उम्रकैद की सजा दी है.'हमसे जबरन केस छीन लिया गया। अगर यह (कोलकाता) पुलिस के पास होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा दी जाती।

हमें नहीं पता कि जांच कैसे की गई। राज्य पुलिस द्वारा जांच किए गए ऐसे ही कई मामलों में मौत की सजा सुनिश्चित की गई। मैं संतुष्ट नहीं हूं।

सियालदह अदालत ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन-ड्यूटी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद संजय रॉय को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सियालदह में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को रॉय को पिछले साल 9 अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के खिलाफ किए गए अपराध का दोषी पाया था, जिसके कारण देश भर में अभूतपूर्व और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुआ था। न्यायाधीश दास ने दोषी को मौत की सजा नहीं देने के लिए कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

न्यायाधीश ने कहा कि धारा 64 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा रही है और 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जा रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि जुर्माना अदा न करने पर पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अदालत ने कहा कि धारा 103(1) के तहत रॉय को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई जाती है और जुर्माना नहीं देने पर उसे पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि इसके अतिरिक्त धारा 66 के तहत भी उसे आजीवन कारावास की सजा दी जाती है।

पश्चिमी चंपारण में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत

पश्चिमी चंपारण। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हुई है। हालांकि प्रशासन ने अभी तक मौत के कारणों की पुष्टि नहीं की है। एसपी शौर्य सुमन ने बताया कि घटना की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक लोगों ने बताया कि पिछले चार दिनों में सात लोगों की मौत हुई है। इसमें पहली मौत 15 जनवरी को हुई थी, लेकिन पुलिस को इन मौतों की सूचना 20 जनवरी को मिली। मृतकों के शव को पहले ही अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा चुका था, इससे मौत के कारण का पता लगाना और मुश्किल हो गया है। पुलिस ने बताया कि सात मौतों में से दो मामलों में शराब से संबंधित होने की पुष्टि नहीं हुई है। एक व्यक्ति की मौत ट्रैक्टर की चपेट में आने से हुई, जबकि दूसरे को लकवा मार गया था। बाकी पांच मौतों का कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं प्रशासन के आला अधिकारियों ने बताया कि जांच टीम को 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। टीम यह भी पता लगाएगी कि पिछले तीन-चार दिनों में लौरिया क्षेत्र में किन-किन लोगों की मौत हुई। मृतकों के परिजनों का कहना है कि सभी ने जहरीली शराब का सेवन किया था। एक मृतक के भाई ने बताया, मेरे भाई ने अपने दोस्त के साथ शराब पी थी। दोनों की मौत हो गई।

हर्षा, आईआईटी बाबा पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बयान, कुंभ वायरल का नहीं आस्था का केंद्र

छतरपुर। प्रयागराज महाकुंभ में चर्चा का केंद्र बिंदु बनी मोनालिसा, हर्षा रिछारिया, आईआईटी बाबा पर मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वरधाम धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बयान सामने आया है। छतरपुर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, महाकुंभ वायरल का विषय नहीं है। यह हमें उचित नहीं लगता। हम इसके खिलाफ हैं। बल्कि यह आस्था का विषय है। संस्कृति का कुंभ है। हमने पहले ही कहा कि रील नहीं रियल के लिए कुंभ में जाना चाहिए। वहां भी जो दो-तीन चीज चल रही हैं, उससे कहीं न कहीं मुख्य मुद्दे से महाकुंभ भटक रहा है। बाबा बागेश्वर ने कहा, महाकुंभ में विचार विमर्श इस बात पर होना चाहिए कि सनातन कैसे बचेगा? हिंदुत्व कैसे जागेगा? हिंदू राष्ट्र कैसे बनेगा और जो हिंदू नहीं हैं, उनकी घर वापसी कैसे कराई जाए? दरअसल, महाकुंभ में माला बेचने वाली इंदौर की मोनालिसा नाम की लड़की अपनी खूबसूरत आंखों की वजह से वायरल हो रही है। प्रयागराज पहुंची यूट्यूबर्स साध्वी के भेष में सामने आई मॉडल हर्षा रिछारिया और आईआईटीयन बाबा अभय सिंह के वीडियो वायरल कर रहे हैं।

हर हफ्ते सामने आते हैं 18 नए घोटाले, मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर 30,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

मुंबई। भारत में मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर हर हफ्ते 17 से 18 से अधिक निवेश और सदस्यता घोटाले हो रहे हैं। इसके जरिए लाखों लोगों के साथ ठगी की वरदात को अंजाम दिया जाता है। इसमें निवेशकों को करोड़ों रुपए गंवाने के बाद सिर्फ अफसोस ही होता है। यह बात प्रकाश में आई है कि देश में करीब 30,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी वाली योजनाएं चल रही हैं, जिनका पर्दाफाश नहीं हुआ है और कुछ हद तक जांच चल रही है। दरअसल स्ट्रैटेजी इंडिया ने 2007 से भारत में स्थापित 14,000 से अधिक एमएलएम (मल्टी-लेवल मार्केटिंग) योजनाओं पर जानकारी एकत्र की और उसका विश्लेषण किया। तब से अब तक 4,000 से अधिक योजनाओं में धोखाधड़ी का खुलासा हो चुका है और इस संगठन द्वारा अलर्ट जारी किया जा चुका है। संगठन ने कहा कि इससे हमें अवैध, धोखाधड़ी वाली योजनाओं की पहचान करने में मदद मिली है। गेन बिटकॉइन और आईएक्स ग्लोबल जैसी योजनाओं के साथ-साथ हाल ही में मुंबई में उजागर हुए टोरेस घोटाले को संगठन की घोटाला चेतावनी सूची में बहुत पहले ही शामिल कर लिया गया था। स्ट्रॅटेजी इंडिया के प्रमुख प्रांजल आर.डैनियल कहते हैं कि किसी योजना को घोटाला के रूप में पहचानने के लिए, सभी को उस योजना की कुछ जानकारी की जांच करनी होगी। इससे पहले कि आप किसी धोखाधड़ी में फंसकर वित्तीय नुकसान उठाएं।

सोपोर में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़, गोलीबारी जारी

जम्मू। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर शहर के ऊपरी इलाके में सुरक्षा बलों के घेरने के बाद कम से कम दो आतंकवादी घिर गए। इससे पहले 22 आरआर, 179 बीएन सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एसओजी ने सोपोर के ज़लूरा गुजरपट्टी में एक 'कासो(घेरा डालना और तलाशी अभियान) चलाया था। अभियान के दौरान ही आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि सोपोर पुलिस जिले के जलूरा गुज्जरपति में एक तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों के मुताबिक, ऑपरेशन में अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बता दें कि इससे पहले 9 नवंबर को सोपोर इलाके में हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। कश्मीर संभाग की पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि बारामूला के रामपोरा सोपोर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर तलाशी अभियान शुरू हुआ था। इसी दौरान गोलीबारी शुरू हुई और जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया। कश्मीर जोन पुलिस ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बलों की ओर से जालूरा, सोपोर में शुरू किए गए घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। उसी दौरान अंदर से गोलीबारी की गई। इलाके की घेराबंदी कर दी गई। सेना ने बताया कि रविवार को, आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में खुफिया इनपुट के आधार पर, सोपोर में जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त घेरा और सर्च अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान सैनिकों को संदिग्ध गतिविधि देखने को मिली और चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

42 साल बाद बिहार में हो रहा अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन

-28 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, 6 विधानसभा परिषद के सभापति ले रहे भाग

पटना। बिहार में करीब 42 साल बाद दो दिवसीय अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन आयोजित हो रहा है। विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में ये कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अध्यक्ष में मौजूद रहेंगे। यह सम्मेलन 1982 के बाद बिहार में हो रहा है। तब कांग्रेस के राधा नंदन झा विधानसभा अध्यक्ष थे। इस सम्मेलन में देशभर के पीठासीन पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा 28 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, 6 विधानसभा परिषद के सभापति और केंद्र शासित प्रदेशों के स्पीकर समेत करीब 300 अतिथि शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश भी मौजूद रहेंगे। अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन, भारत के विधायी निकायों की सर्वोच्च संस्था है। सम्मेलन के आयोजक लोकसभा सचिवालय होते हैं। पटना में यह सम्मेलन इससे पहले 1982 में हुआ था। अभी देश के 22 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों में विधानसभा हैं। जबकि 6 राज्यों में विधानसभा और विधान परिषद दोनों हैं। सम्मेलन में लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी भी शामिल होते हैं। सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी अतिथि पटना पहुंच चुके हैं। सम्मेलन का समापन सत्र 21 जनवरी को सेंट्रल हॉल में होगा और इसके बाद सभी गेस्ट पटना के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे हरि मंदिर साहिब गुरुद्वारा, बापू टावर, सभ्यता द्वार और बिहार संग्रहालय जाएंगे।

कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर अंतिम ट्रायल रन पूरा... अब दूर नहीं कश्मीर-कन्याकुमारी

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) प्रोजेक्ट के हिस्से कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन पूरा हो गया। 18 कोच की ट्रायल ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा रेलवे स्टेशन से कश्मीर की ओर रवाना हुई। ट्रायल की देखरेख कर रहे रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह यूएसबीआरएल का आखिरी टेस्ट रन है। सबकुछ सही और ठीक रहने पर इस प्रोजेक्ट को हरी झड़ी दे दी जाएगी।

41 हजार करोड़ रुपए की लागत से बने यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 272 किमी. है। इसमें 111 किमी. का रास्ता सुरंग के भीतर है। 12.77 किमी. लंबी टी-49 सुरंग इस प्रोजेक्ट में सबसे लंबी है। रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। पुल की लंबाई 1315 मीटर, जबकि नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है। इस पुल को बनाने में करीब 20 साल का वक्त लगा, जबकि 1486 करोड़ रुपए की निर्माण लागत आई है।

भारतीय रेलवे ने प्रोजेक्ट के जरिए एक और उपलब्धि अपने नाम पर दर्ज की है। अंजी खड्ड पर बनाया गया पुल भारतीय रेलवे का पहला केबल-स्टेड पुल है। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इस सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला इमारत के बराबर ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले को कटरा से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी माह 7 किलोमीटर है। इस पुल की कुल लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। जून, 2024 में हुआ था पहला ट्रायल रन जम्मू के रामबन में संगलदान और रियासी के बीच ट्रेन का पहला ट्रायल रन जून, 2024 में हुआ था। यह ट्रेन चिनाब ब्रिज से भी होकर गुजरी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसके सफल परीक्षण की जानकारी दी थी। चिनाब ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। एफिल टावर की ऊंचाई 330 मीटर है, जबकि 1.3 किमी लंबे इस ब्रिज को चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है।

संविधान पर हो रहा हमला, कांग्रेस बोली- राष्ट्रविरोधी बयान के लिए मोहन भागवत को मांगनी होगी माफी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के बेलगावी में अपनी 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली से पहले, कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि संविधान पर हमला हो रहा है और अपनी मांग दोहराई कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को स्वतंत्रता आंदोलन पर दिए गए राष्ट्रविरोधी बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। विपक्षी दल ने यह भी दावा किया कि महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है और बीआर अंबेडकर पर हमला किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि कल कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली बेलगावी में होगी। यह 27 दिसंबर, 2024 को होना था लेकिन डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बेलगावी में ही महात्मा गांधी ने 26 दिसंबर, 1924 को कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला था। आज महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा

है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर पर हमला किया जा रहा है। भारत के संविधान और उसके मूल्यों पर आक्रमण हो रहा है।

जयराम रमेश ने कहा कि बेलगावी रैली महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर की विरासत को संरक्षित करने और उन्हें आगे ले जाने के कांग्रेस के दृढ़ संकल्प की पुष्टि है। इसके बाद 27 जनवरी को डॉ. अंबेडकर की जन्मभूमि महू में भी इसी तरह की रैली होगी। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत को 14 जनवरी 2025 को स्वतंत्रता आंदोलन को लेकर दिए अपने घृणित और राष्ट्र-विरोधी बयान के लिए माफी मांगनी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री को 17 दिसंबर, 2024 को संसद में डॉ. अंबेडकर पर की गई अपनी अपमानजनक टिप्पणी के लिए इस्तीफा देना होगा और माफी मांगनी होगी।

कांग्रेस ने बार-बार यह भी आरोप लगाया है कि शीतकालीन सत्र के दौरान संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी से पता चलता है कि भाजपा और आरएसएस नेताओं को अंबेडकर के प्रति बहुत नफरत है और उनसे माफी की मांग की गई है। पार्टी के एक परिपत्र में कहा गया था कि महू में रैली संविधान की 75वीं वर्षगांठ और भारत के गणतंत्र की स्थापना के साथ-साथ सत्तारूढ़ शासन द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर की विरासत पर कथित हमले का जश्न मनाएगी।

अंतरराष्ट्रीय साजिश की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता : अदालत

मुंबई। मुंबई की एक अदालत ने रविवार को सैफ अली खान पर हमला मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को 24 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित पुलिस की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित हमलावर बांग्लादेशी नागरिक था और उसकी करनी के पीछे के मकसद का पता लगाने की जरूरत है। पुलिस ने अदालत से यह भी कहा कि उन्हें यह पता लगाने की जरूरत है कि इस मामले का संबंध किसी अंतरराष्ट्रीय साजिश से है या नहीं। रिकॉर्ड पर मौजूद दस्तावेजों पर गौर करने के बाद पुलिस की दलील को स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा लगाए गए अंतरराष्ट्रीय साजिश के आरोप को असंभव नहीं कहा जा सकता।

इससे पहले दिन में पुलिस ने मीडिया को बताया था कि कथित हमलावर मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद एक बांग्लादेशी नागरिक था जिसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद अपना नाम बदलकर बिजॉय दास रख लिया था। उसे ठाणे शहर से सटे इलाके से पकड़ा गया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 311 (लूट या डकैती के दौरान गंभीर चोट या मौत), 331(4) (घर में घुसना) तथा पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा था कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, वह 16 जनवरी को तड़के चोरी के इरादे से बांद्रा में सतगुरु शरण इमारत में बॉलीवुड ऐक्टर के घर में दाखिल हुआ था।

जम्मू-कश्मीर में रहस्यमयी बीमारी से हो रही मौतों के बाद झरने को किया सील

बुधल गांव की घेराबंदी कर 24 घंटे झरने पर नजर रखने सुरक्षाकर्मी तैनात

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के बुधल गांव में तीन परिवारों के 17 सदस्यों की रहस्यमयी बीमारी से मौतों की चल रही जांच के बीच अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र एक झरने को सील कर दिया है। झरने के पानी में कुछ कीटनाशकों की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस वजह से लोग डरे हुए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बुधल गांव के झरने से लिए गए पानी के नमूनों में कुछ कीटनाशकों मिले हैं। इसको पीएचई डिवीजन राजौरी ने अवरुद्ध कर दिया है और संबंधित मजिस्ट्रेट ने सील कर दिया है।

ऐसी आशंका है कि गांव की आदिवासी आबादी चोरी-छिपे इस झरने के पानी को इकट्ठा कर सकती है। इसलिए तहसीलदार यह सुनिश्चित करें कि कोई भी ग्रामीण किसी भी हालत में इस झरने के पानी का इस्तेमाल न करे। इसकी घेराबंदी कर दी गई है। उन्होंने राजौरी जिले के बुधल गांव की घेराबंदी करने और वहां 24 घंटे 2 से 3 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती का निर्देश दिए हैं।

बता दें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू के राजौरी जिले में रहस्यमयी बीमारी से मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए गृह मंत्रालय की अगुवाई में एक टीम के गठन का आदेश दिया था। यह टीम रहस्यमयी बीमारी से मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। इस टीम की जम्मू-कश्मीर के फोरेंसिक साइंस, पशुपालन और खाद्य सुरक्षा विभाग भी मदद कर रहे हैं।

राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल की अध्यक्षता में स्थानीय डॉक्टरों की एक टीम ने लोगों की आशंकाओं को दूर करने के लिए बुधल गांव में थी। उन्होंने लोगों को बताया कि विषाक्त पदार्थों से मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है, जो तुरंत इलाज न किए जाने पर अपरिवर्तनीय हो सकता है। ज्यादातर मरीज विषाक्त पदार्थों के कारण अपरिवर्तनीय मस्तिष्क क्षति होने के बाद अस्पताल पहुंचे थे, जिसके बारे में डॉक्टर ज्यादा कुछ नहीं कर सके थे।

महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं का तांता- अब तक गंगा में 8.26 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डूबकी

प्रयागराज (एजेंसी)। महाकुंभ में गंगा में आस्था की डूबकी लगाने के लिए देश विदेश से श्रद्धालुओं का आना जारी हैं। यूपी सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक़ त्रिवेणी संगम पर आज 22.79 लाख से अधिक तथा अब तक 8.26 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ मेला 13 जनवरी 2025 से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान देश-विदेश से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। महाकुंभ का यह आयोजन हर 12 साल में होता है और यह दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक माना जाता है। श्रद्धालु गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाने के लिए यहां आते हैं।

वहीं कुंभ मेले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में दिव्य महाकुंभ का महत्व भी बताया। मन की बात के 118वें संबोधन में बोले, महाकुंभ समता समरसता का असाधारण संगम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 118वें एपिसोड में कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। यह चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय दृश्य समता-समरसता का असाधारण संगम है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग भी बन रहे हैं।

वहीं आगे प्रधानमंत्री ने कहा हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। इसमें भारत के दक्षिण, पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब-अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें ये भी बताता है कि कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं।

कर्नाटक बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर मचा बवाल, विधायकों ने खोला मोर्चा

`* प्रभारी शिवराज सिंह बोले- नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए कराया जाएगा चुनाव

बेंगलुरु (एजेंसी)। नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव से पहले कर्नाटक बीजेपी में गुटबाजी और कलह इतनी बढ़ गई है कि पार्टी के नेता सार्वजनिक सभाओं में एक-दूसरे की खिंचाई कर रहे हैं। कर्नाटक बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के खिलाफ विधायक बसनगौड़ा आर पाटिल यतनाल और रमेश जारकीहोली ने मोर्चा खोल दिया है। विधायक जारकीहोली ने उन्हें बच्चा बताया और दावा किया वह लंबे समय तक पार्टी अध्यक्ष पद पर नहीं रहेंगे।

विजयेंद्र ने आरोप लगाया है कि दोनों विधायक कांग्रेस के इशारे पर पार्टी में कलह कर रहे हैं और उनके पिता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ अनाप-शनाप बोल रहे हैं। इसकी शिकायत केंद्रीय नेतृत्व से करेंगे ताकि उन्हें पार्टी से बाहर किया जा सके। कर्नाटक में बीजेपी के दो गुटों में लंबे समय से खींचतान चल रही है। कर्नाटक बीजेपी चीफ को लेकर बवाल मचा है। पार्टी के कई नेता और विधायक पार्टी में यदियुरप्पा के वर्चस्व को चुनौती दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और कर्नाटक बीजेपी के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने संकेत दिए हैं कि राज्य में नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद से प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के विरोधी गुट के नेता और मुखर हो गए। दोनों गुटों में जुबानी जंग छिड़ गई है। विजयेंद्र ने पूर्व सीएम येदियुरप्पा को भला-बुरा कहने के लिए गोकक विधायक रमेश जारकीहोली को चेतावनी दे दी है।

विजयेंद्र ने कहा कि रमेश जारकीहोली को अपनी जुबान पर काबू रखें। येदियुरप्पा एक राजनेता और कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अनंत कुमार के साथ मिलकर राज्य के कोने-कोने की यात्रा करके पार्टी का निर्माण किया है। जारकीहोली हाल ही में पार्टी में शामिल हुए हैं। दिग्गज नेता के बारे में अनाप-शनाप बोलकर वह पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने विधायक जारकीहोली को सलाह दी कि अगर उन्हें पार्टी के कामकाज से समस्या है तो दिल्ली में नेताओं के साथ बात करनी चाहिए।

इसके जवाब में विधायक रमेश जारकीहोली ने बीवाई विजयेंद्र को चुनौती दे दी। उन्होंने कहा कि विजयेंद्र ने मुझे चेतावनी दी है कि मैं राज्य में कहीं भी स्वतंत्र रूप से नहीं घूम सकता। अब मैं शिकारीपुरा जाऊंगा और विजयेंद्र के घर के सामने अपना आंदोलन शुरू करूंगा। मैं कोई पुलिस या बंदूकधारी के साथ नहीं बल्कि अकेले जाऊंगा। बेलगावी में एक सार्वजनिक रैली में बोलते हुए जारकीहोली ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि विजयेंद्र, आप एक बच्चा हैं। आप प्रदेश अध्यक्ष नहीं रहेंगे। येदियुरप्पा हमारे नेता हैं और हमने हमेशा उनका सम्मान किया है।

दोनों विधायकों के बयान के बाद विजयेंद्र समर्थकों और पूर्व मंत्रियों एमपी रेणुकाचार्य और कट्टा सुब्रमण्य नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यतनाल और जरकीहोली को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। विजयेंद्र समर्थकों ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पहले ही राजनीति में अपनी पहचान बना चुके हैं और अपने



संगठनात्मक कौशल के माध्यम से अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। उनके खिलाफ अब इस तरह की आलोचना बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस बीच बीजेपी के राज्य महासचिव और पूर्व मंत्री वी सुनील कुमार संगठनात्मक पद छोड़ने की इच्छा जताई है। पार्टी सूत्रों ने का कहना है कि उन्हें अभी तक सुनील कुमार से इस संबंध में कोई औपचारिक अनुरोध नहीं मिला है।

देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी आटो एक्सपों में हुई पेश

नई दिल्ली ।

देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश किया गया। इस टैक्सी का नाम शून्य रखा गया है। इस लक्ष्य के लिए प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग फर्म सोना एसपीईईडी ने बेंगलुरु स्थित सरला एविएशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सरला एविएशन भारत के सबसे बेहतरीन इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान विकसित करती है। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सरला एविएशन बूथ का दौरा किया और उड़ने वाली टैक्सी के प्रोटोटाइप में दिलचस्पी दिखाई और इसे ऐतिहासिक बताया। सोना एसपीईईडी मोटर्स इसरो के कई अंतरिक्ष मिशनों का हिस्सा रही है। यह समझौता सोना एसपीईईडी को देश में अर्बन एयर मोबिलिटी में क्रांति लाने में एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करता है। सोना एसपीईईडी के एक अे धिकारी ने कहा कि यह साझेदारी एयरोस्पेस इनोवेशन के हब रूप में सोना एसपीईईडी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हमारा लक्ष्य साथ मिलकर शहरी परिवहन के लिए एक स्वच्छ, तेज और अधिक कुशल भविष्य को आकार देना है। समझौता ज्ञापन के तहत, सोना एसपीईईडी कर्नाटक में अपनी अत्याधुनिक फैसिलिटी का इस्तेमाल सरला एविएशन के ईवीटीओएल विमान के लिए मोटर और लैंडिंग गियर जैसे क्रिटिकल कम्पोनेंट्स को डिजाइन और निर्माण करने के लिए करेगी। सरला एविएशन के अे धिकारी ने कहा कि इंजीनियरिंग में सोना एसपीईईडी की विशेषज्ञता इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सियों के लिए हमारे दृष्टिकोण को पूरी तरह से पूरा करती है।

यह सहयोग अत्याधुनिक ईवीटीओएल टेक्नोलॉजी के साथ अर्बन मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने के हमारे मिशन को मजबूत करता है।

भारतीय बाजार को लेकर जेसीबी बहुत उत्साहित

ग्रेटर नोएडा ।

भारतीय बाजार को लेकर जेसीबी इं डिया बहुत उत्साहित है। जेसीबी इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहि कि जेसीबी भारतीय बाजार को लेकर काफी उत्साहित है। हमने साल दर साल 12 फीसद से अधिक की वृद्धि देखी है। सरकार का फोकस बुनियादी ढांचे बाजार पर है। हमने सरकार को साल दर साल न केवल सड़कों, राजमार्गों, रेलवे, आवास, जल से नल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना बल्कि पूरे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास पर निवेश करते देखा है। हमारा मानना है कि सरकारों का फोकस आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने जेसीबी की बढ़ती मांग का जिक्र करते हुए कहा कि जेसीबी कई तरीकों से विकल्पों पर विचार कर रही है, एक तरीका यह है कि डीजल इंजन को स्वयं देखा जाए। हम इंजन की क्षमता में सुधार कैसे कर सकते हैं। जैसा कि हम 10 से 15 फीसदी के बीच पूर्ण खपत देखते हैं, इसलिए हम ग्राहक की जेब में अधिक पैसा डाल रहे हैं। आप देख सकते हैं कि यह एशिया का पहला हाइड्रोजन बैक लोडर है, इसलिए हम इस नए ईंधन के लिए प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के साथ तैयार हैं।

चाहे वह हाइड्रोजन हो या इलेक्ट्रिक, क्योंकि 65 फीसद मशीनें ग्रामीण क्षेत्र में काम करती हैं। इसलिए एक बार बुनियादी ढांचा तैयार हो जाने के बाद जेसीबी के पास वैकल्पिक तकनीक के साथ मशीनों का समर्थन करने की तकनीक भी है।

टाटा संस के एनबीएफसी रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने के आवेदन की हो रही जांच

नई दिल्ली ।

टाटा संस द्वारा एनबीएफसी (नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी) के रूप में रजिस्ट्रेशन को कैंसिल करने के आवेदन की भारतीय रिजर्व बैंक जांच कर रहा है। इसकी पुष्टि भारतीय रिजर्व बैंक ने भी की है। टाटा संस, जो कि टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है, ने पहली बार अपनी इस जाँच के बारे में जानकारी दी है। यह कदम टाटा ग्रुप के लिए खास मायने रखता है, क्योंकि वह अपनी होल्डिंग कंपनी को लिस्टिंग से बचाना चाहता है। आरबीआई ने अपनी एनबीएफसी की लिस्ट जारी करते समय यह खुलासा किया कि टाटा संस को एनबीएफसी-अपर लेयर के रूप में वर्गीकृत किया गया था और नई लिस्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके बावजूद, आरबीआई ने यह साफ किया है कि टाटा संस को एनबीएफसी-यूएल की सूची में शामिल करना उसके पंजीकरण रद्द करने के आवेदन पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगा। आरबीआई ने यह भी बताया कि यदि किसी एनबीएफसी को एनबीएफसी-यूएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो उसे कम से कम पांच साल तक अतिरिक्त रेगुलेटरी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा, भले ही यह बाद में इस लिस्ट से बाहर हो जाए।

टाटा संस अब खुद को एनबीएफसी-कोर निवेश कंपनी के क्लासिफिकेशन से बाहर निकलने और अपर लेयर वाली एनबीएफसी की लिस्ट से बचने के लिए अपने कर्ज को कम कर रही है। आरबीआई के नियमों के अनुसार यदि टाटा संस अपर लेयर वाली एनबीएफसी बनी रहती है, तो उसे सितंबर 2025 तक लिस्ट होना होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यदि टाटा संस को अपनी होल्डिंग्स को कम करने के लिए 50,000 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचने की आवश्यकता पड़ी, तो यह देश का सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक रुझान, निजी निवेश में वृद्धि की उम्मीद

मुंबई । कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने हाल ही में एक सर्वेक्षण जारी किया है जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में आशावादी तस्वीर पेश की गई है। इस सर्वे के अनुसार, 75 फीसदी कंपनियां मान रही हैं कि वर्तमान आर्थिक माहौल निजी निवेश के लिए अनुकूल है। जियो-पॉलिटिकल चुनौतियों के बावजूद भारत में निवेश का माहौल सकारात्मक है। सीआईआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि 70 फीसदी कंपनियों ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान निवेश करने के संकेत दिए हैं। इससे स्पष्ट है कि आगामी तिमाहियों में निजी निवेश में वृद्धि होने की संभावना है। सर्वे के अनुसार, 97 फीसदी कंपनियां वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 में रोजगार की वृद्धि की उम्मीद जताती हैं। पिछले तीन सालों में 79 फीसदी कंपनियों ने अपनी वर्कफोर्स बढ़ाई है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में अगले साल 15-22 फीसदी तक डायरेक्ट एम्प्लॉयमेंट ग्रोथ हो सकती है, जबकि इनडायरेक्ट एम्प्लॉयमेंट की ग्रोथ 14 फीसदी की मायने रख सकती है। इस रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेश का माहौल अब और भी अनुकूल हो रहा है, जिससे रोजगार वृद्धि और अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन की संभावना है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को बढ़त दर्ज की गयी। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी से बाजार में उछाल आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 454.11 अंक करीब 0.59 फीसदी ऊपर आकर 77,073.44 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 141.55 अंक तकरीबन 0.61 फीसदी की बढ़त के साथ ही 23,344.75 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में 17 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। कोटक बैंक, बजाज फाइनैंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और एसबीआई के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही जबकि पावर ग्रिड, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाइटन, आईसीआईसीआई, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक और रिलायंस के शेयर भी बढ़त पर रहे।

वहीं सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 13 शेयर नुकसान के साथ ही गिरावट पर बंद हुए। इममें जोमेटो, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस, एमएंडएम और मारुति सेंसेक्स के बसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। टाटा मोटर्स, आईटीसी, सन फार्मा, एचयूएल, एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, इंफोसिस और इंडसइंड बैंक के शेयर भी नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार सप्ताह की शुरुआत बाजार ने सकारात्मक संकेतों के साथ की, जिसमें मिश्रित संकेतों के बीच आधे प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। , बैंकिंग क्षेत्र के दिग्गज शेयरों की मजबूती ने पहले सत्र में इंडेक्स को ऊपर ले जाने में मदद की, जिसके बाद बाजार सीमित दायरे में चलता रहा।

सेक्टोरल रुझान मिश्रित रहे, जहां बैंकिंग और मेटल सेक्टर ने उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की, वहीं ऑटो और एफएमसीसी क्षेत्र में हल्की गिरावट दर्ज की गयी। ÷

वहीं एशियाई बाजारों में, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में तेजी रही जबकि सियोल गिरावट लेकर बंद हुआ। यूरोप के बाजार ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार तेजी पर बंद हुए। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबहा बाजार की अच्छी शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 359.20 अंकों की बढ़त के साथ 76,978.53 पर खुला। वहीं निफ्टी 50 87.20 अंकों की तेजी के साथ 23,290.40 के स्तर पर दिन के कारोबार की शुरुआत की।

अरबपतियों की संपत्ति 2024 में 2000 अरब डॉलर तक बढ़ी-रिपोर्ट

- एक दशक के भीतर कम से कम पांच खरबपति होने का अनुमान

दावोस ।

विश्व भर में अरबपतियों की संपत्ति पिछले साल 2024 में 2000 अमेरिकी डॉलर बढ़कर 15,000 अमेरिकी डॉलर हो गई जो 2023 की तुलना में तीन गुना अधिक है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से पहले सोमवार को रिपोर्ट यहां जारी की गई। रिपोर्ट ने अरबपतियों की संपत्ति में भारी उछाल और गरीबों की संख्या में 1990 के बाद से कोई खास बदलाव नहीं आने की तुलना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में एशिया में अरबपतियों की संपत्ति में 299 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। साथ ही उसने अनुमान लगाया कि अब से एक दशक के भीतर कम से कम पांच खरबपति होंगे। वर्ष 2024 में अरबपतियों की सूची में 204 नए लोग शामिल हुए। औसतन हर सप्ताह करीब चार नाम इसमें शामिल हुए। इस वर्ष केवल एशिया से 41 नए अरबपति सूची में शामिल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लोबल नॉर्थ के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोग 2023 में वित्तीय प्रणालियों के जरिये 'ग्लोबल साउथ' से प्रति घंटे तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर हासिल करेंगे। अरबपतियों की 60 प्रतिशत संपत्ति अब विरासत, एकाधिकार शक्ति या सांठगांठ वाले संबंधों से प्राप्त होती है, जो दर्शाता है कि अरबपतियों की अत्यधिक संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त है। अधिकार समूह ने दुनिया भर की सरकारों से असमानता को कम करने, अत्यधिक धन-संपदा को समाप्त करने तथा नए अभिजात्यतंत्र को समाप्त करने के लिए सबसे अमीर लोगों पर कर लगाने का आग्रह किया। इसमें पूर्व की औपनिवेशिक शक्तियों से हुई क्षतियों की भरपाई कराने की भी मांग की गई।

अंग्रेजों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर आगे बढ़ी बात

कच्चे माल से सप्लाई सुविधा को और दुरुस्त करने की कोशिश

नई दिल्ली ।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मिलकर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने और महत्वपूर्ण कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए काम करेगा, ताकि आर्थिक संबंध और मजबूत हो सकें। ब्रुसेल्स में 18-19 जनवरी को गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मैरोस सेफकोविक के बीच हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने व्यावसायिक रूप से सार्थक व्यापारिक एजेंडा बनाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की दिशा में काम करने पर भी सहमति व्यक्त की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारत यूरोपीय संघ के साथ एक वाणिज्यिक रूप से सार्थक व्यापार एजेंडा तैयार करेगा, जो निष्पक्ष और न्यायसंगत होगा तथा दोनों पक्षों के व्यवसायों के लाभ के लिए सरलीकरण और लागत प्रतिस्पर्धा के माध्यम से शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करेगा। दोनों पक्षों ने निष्पक्ष तरीके से व्यापार और सतत विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी एजेंडा विकसित करने तथा वैश्विक चुनौतियों का शीघ्रता से सामना करने के लिए एक मजबूत एफटीए विकसित करने के लिए दोनों टीमों के समक्ष राजनीतिक दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) के व्यापार और निवेश समूह में प्रगति की समीक्षा की, विरासत संबंधी मुद्दों को सुलझाने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरान दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रिस्तरीय अधिकारियों के बीच निरंतर परामर्श के लिए एक खाका तैयार किया।

लक्ष्मी डेंटल का शेयर 27 फीसदी तेजी के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली । ऑर्बिमेड समर्थित लक्ष्मी डेंटल का शेयर अपने निर्गम मूल्य 427 रुपये से करीब 27 फीसदी की तेजी के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 23.36 फीसदी की तेजी के साथ 528 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 36.37 प्रतिशत चढ़कर 583.70 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने निर्गम मूल्य से 26.63 फीसदी उछाल के साथ 542 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,129 करोड़ रुपये रहा। लक्ष्मी डेंटल के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत बुधवार को 113.97 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ 138 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 560 करोड़ रुपये के 1.31 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसके लिए मूल्य दायरा 407-428 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।

डिजिटल साझेदारी से बढ़ रहा है वित्तीय सेवाओं का दायरा

नई दिल्ली । गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल ने वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में एक नया मोड़ खोलने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। कंपनियों ने संयुक्त बयान में इस मंच की उपयोगिता और महत्त्व को बताया है। इस साझेदारी से एयरटेल के ग्राहक आधार और बजाज फाइनेंस का वितरण नेटवर्क एक साथ आएंगे। भारती एयरटेल के एक अे धिकारी ने इस साझेदारी का मकसद स्पष्ट किया है। उन्होंने बयान दिया कि उनका लक्ष्य एयरटेल फाइनेंस को ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों के लिए वन-स्टॉप शॉप बनाना है। इससे ग्राहकों को विभिन्न वित्तीय सेवाओं की सुविधा मिलेगी। बजाज फाइनेंस के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि भारत के वित्तीय सेवाओं का डिजिटल परिवेश तंत्र तेजी से बढ़ रहा है। इस साझेदारी से न केवल उन्हें बजाज फाइनेंस के उत्पादों की पहुंच मिलेगी, बल्कि ग्राहकों को भी नए और सुविधाजनक विकल्प मिलेंगे। इस साझेदारी के तहत बजाज फाइनेंस के दो उत्पादों को एयरटेल थैंक्स ऐप पर पेश किया जा रहा है। मार्च तक कई और उत्पाद भी इस एप्लिकेशन पर उपलब्ध किए जाएंगे। इस साझेदारी से वित्तीय सेवाओं के दायरे में नए विकल्प और सुविधाएं खुलने की उम्मीद है और देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को एक नया मुकाम मिल सकता है।

भारत का राजकोषीय घाटा कम होने की संभावना: रिपोर्ट

-सेंसेक्स पिछले 6 महीने में करीब 4 फीसदी गिरा

भारत, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में मुद्रास्फीति नीचे रहने की उम्मीद

नई दिल्ली।

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट में भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर सकारात्मक संकेत दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का राजकोषीय घाटा धीरे-धीरे कम होने की संभावना है और यह वृद्धि कर राजस्व में इजाफे से समर्थित होगी। यह प्रवृत्ति भारत सरकार के राजकोषीय समेकन प्रयासों को मजबूत करने के रूप में देखी जा रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दक्षिण एशिया के अन्य देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रहने का अनुमान है जबकि भारत अपने सुधारित राजकोषीय स्थिति के कारण अलग दिखाई देता है। पाकिस्तान में उच्च ब्याज भुगतान और बांग्लादेश में बुनियादी ढांचे में निवेश के कारण अन्य देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रह सकता है लेकिन भारत की स्थिति में सुधार हो रहा है। हालांकि भारत की स्थिति सकारात्मक दिख रही है विश्व बैंक ने चेतावनी दी है कि दक्षिण एशिया के देशों का कर्ज-से-जीडीपी अनुपात ऊंचा रहेगा। धीरे-धीरे इसमें कमी आएगी। उच्च उधारी लागत के कारण कई देशों में कर्ज चुकाने की लागत बनी रहेगी। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण एशिया में मुद्रास्फीति में कमी आने की संभावना है क्योंकि विनिमय दरें स्थिर हो रही हैं। भारत, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में मुद्रास्फीति लक्ष्य सीमा के भीतर या उससे नीचे रहने की उम्मीद है। भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 और 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के सेवा क्षेत्र में निरंतर वृद्धि होगी और विनिर्माण गतिविधियां भी सशक्त होंगी जो सरकार की लॉजिस्टिक अवसंरचना और कर नियमों में सुधार की पहलों से प्रेरित हैं। इसके अलावा निजी खपत में वृद्धि की उम्मीद है और निवेश में मजबूत वृद्धि का अनुमान है जो निजी निवेश मजबूत कॉर्पोरेट बैलेंस शीट और बेहतर वित्तीय परिस्थितियों से समर्थित होगा। ये सभी कारक भारत की आर्थिक लचीलापन को मजबूत करेंगे।

चौथी तिमाही में घरेलू उपभोक्ताओं की मांग तेजी के साथ घटी

26 फीसदी से अधिक की गिरावट

नई दिल्ली । भारत में पिछले चार तिमाही से लगातार घरेलू मांग कम होती जा रही है। 1 साल में लगभग 26 फ़ीसदी की मांग पिछले वर्ष की तुलना में कम हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार मुंबई,अहमदाबाद, बेंगलुरु सहित देश के आठ प्रमुख शहरों में मांग लगातार घट रही है। भारत में प्रॉपर्टी की मांग सबसे ज्यादा घट रही है। प्रॉपर्टी की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। उसी तुलना में मांग घटती चली जा रही है। प्रॉपर्टी बाजार के विशेषज्ञों का कहना है रियल स्टेट सेक्टर में मंदी लगातार देखने को मिल रही है। मुंबई एवं पुणे क्षेत्र में सालाना गिरावट 31 फ़ीसदी दर्ज की गई है। बेंगलुरु में 23 फ़ीसदी की गिरावट आई है। हैदराबाद में 36 फ़ीसदी की गिरावट आई है। चेन्नई में भी मांग घटती जा रही है। उपभोक्ता सामग्री और रियल स्टेट में जिस तरह की मंदी देखने को मिल रही है। उसने आर्थिक विशेषज्ञों की नींद उड़ा दी है। महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों की आय उस तुलना में नहीं बढ़ रही है। जिसके कारण उपभोक्ताओं की मांग लगातार घटती चली जा रही है। एमएफसीजी कंपनियां तथा रियल एस्टेट में काम करने वाले कारोबारी इन दोनों सबसे बड़ी मुसीबत में हैं।

हेज फंड्स के साथ कथित मिलीभगत के चलते भड़क गई रिसर्च कंपनी

- अडानी समूह पर लगाए थे गंभीर आरोप

वाशिंगटन । कनाडा के एक पोर्टल ने दायर दस्तावेजों में दावा किया है कि हेज फंड्स के साथ कथित मिलीभगत के आरोपों के चलते नैट एंडरसन और हिंडनबर्ग रिसर्च ने कंपनी को बंद करने की घोषणा की है। हेज फंड्स जो विभिन्न प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं, निवेशकों के बीच भरी प्रतिष्ठा रखते हैं। दायर दस्तावेजों में स्पष्ट हुआ कि नैट एंडरसन और एन्सन के बीच ईमेल के माध्यम से साझा हुआ रिसर्च, हिंडनबर्ग की नकारात्मक रिपोर्ट की तैयारी में एन्सन की अहम भूमिका थी। दायर दस्तावेजों के मुताबिक एन्सन हेज फंड के प्रमुख ने स्वीकारा कि उनकी कंपनी ने हिंडनबर्ग रिसर्च को सहायता प्रदान की थी। वहां कनाडाई पोर्टल मार्केट फॉड्स द्वारा आरोप लगाया गया है कि एन्सन ने अपने फंड्स के निर्देशों का अनुसरण नहीं किया और नैट एंडरसन के साथ निकटता बनाए रही। इस घटना में एसईसी द्वारा एक अध्यादेश जारी करने की संभावना है, जिससे यह मुद्दा और भी ज्यादा उतार-छूट पा सकता है। नैट एंडरसन और उनकी कंपनी के खिलाफ के कोर्ट की निर्णय से उनकी दिन-ब-दिन बिगड़ती चारित्रिक अवस्था को ध्यान में रखते हुए, नैट एंडरसन के भविष्य की किल-किल कायम है।

वन97 कम्युनिकेशंस का घाटा कम होकर हुआ 208.5 करोड़

नई दिल्ली । पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में घाटा कम होकर 208.5 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में घाटा 221.7 करोड़ रुपये रहा था। बयान के अनुसार आलोच्य तिमाही में पेटीएम की परिचालन आय 35.8 प्रतिशत घटकर 1,827.8 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 2,850.5 करोड़ रुपये थी। हालांकि, कंपनी ने कहा कि तिमाही आधार पर राजस्व में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



भारत की महिला-पुरुष टीमों ने खो-खो वर्ल्ड कप के पहले खिताब जीते

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की महिला-पुरुष टीमों ने खो-खो वर्ल्ड कप के पहले खिताब जीत लिए है। रविवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में दोनों कैटेगरी के फाइनल खेले गए। विमेंस टीम ने नेपाल को 78-40 के बड़े अंतर से हराया। वहीं मेंस टीम ने भी नेपाल को ही हराया, लेकिन अंतर 54-36 का रहा। खो-खो वर्ल्ड कप 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में खेला गया। भारत की दोनों टीमें टूर्नामेंट में अजेय रहीं। जबकि नेपाल की दोनों टीमों को भारत के खिलाफ ही हार का सामना करना पड़ा। मेंस फाइनल में नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस चुना। पहली पारी में भारत ने 26 पॉइंट्स हासिल किए, जबकि नेपाल को एक भी पॉइंट नहीं मिला। टीम इंडिया नेपाल को एक बार ऑलआउट करने में भी कामयाब रही। भारत ने पहली पारी में 26-0 की बढ़त ली। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और टीम ने 18 पॉइंट्स बटोरे। हाफ टाइम के बाद स्कोर 26-18 से

भारत के पक्ष में रहा।

तीसरी पारी में भारत ने 28 पॉइंट्स हासिल किए। नेपाल की टीम 4 मिनट के अंदर ही ऑलआउट हो गई, टीम एक भी ड्रीम रन नहीं बना सकी। तीसरे टर्न के बाद भारत ने 54-18 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। चौथे टर्न में भी नेपाल की टीम 18 ही पॉइंट्स ले सकी और भारत ने 54-36 के अंतर से वर्ल्ड कप जीत लिया।

विमेंस ग्रुप में 19 टीमों ने हिस्सा लिया। इंडिया विमेंस ग्रुप-ए में ईरान, मलेशिया और साउथ कोरिया के साथ थी। टीम ने साउथ कोरिया को 176-18, ईरान को 100-16 और मलेशिया को 100-20 के बहुत बड़े अंतर से हराया। टीम ने ग्रुप स्टेज में टॉप कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 109-16 के अंतर से हराया। वहीं सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 66-16 से मुकाबला जीता। फाइनल में भी इंडिया विमेंस का दबदबा दिखा और टीम ने 78-40 के अंतर से मुकाबला जीत लिया। पूरे टूर्नामेंट में नेपाल इकलौती ऐसी टीम रही, जिसने भारत के खिलाफ हार का अंतर 50 से कम पॉइंट्स का रखा।

नीरज चोपड़ा ने हिमानी संग विवाह रचाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शादी के बंधन में बंध गये हैं। नीरज की शादी एक पारिवारिक समारोह में सोनीपत की हिमानी मोर से हुई है इसमें परिवार और रिश्तेदारों के अलावा करीबी लोग ही शामिल हुए। नीरज ने सोशल मीडिया के जरिये आपनी शादी की तस्वीरें साझा की है। नीरज ने विवाह समारोह की तस्वीरों के साथ लिखा, 'मैंने अपने परिवार के साथ अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया है। साथ ही लिखा है कि हर उस आशीर्वाद के लिए आभारी हूं जिसने हमें इस पल तक पहुंचाया। प्यार से बंधे, हमेशा खुश रहें।

नीरज के विवाह को लेकर चाचा भीम ने बताया कि विवाह देश में ही हुआ और यह जोड़ा हनीमून के लिए विदेश रवाना हो गया है। हिमानी अभी अमेरिका में पढ़ाई कर रही हैं। भीम ने कहा, 'हां, विवाह दो दिन पहले भारत में हुआ। मैं यह नहीं बता सकता कि यह कहां हुआ। लड़की सोनीपत की है और वह अमेरिका में पढ़ाई कर रही है। वे हनीमून के लिए देश से बाहर गए हैं और मुझे नहीं पता कि वे कहां जा रहे हैं। हम निजता बनाये रखना चाहते थे। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस खेलों में रजत पदक जीतने वाले नीरज इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में ट्रेनिंग ले रहे थे। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जबकि पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था।

शमी अभ्यास सत्र में पैर में पट्टी बांधे दिखे

कोलकाता (एजेंसी)। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट सीरीज के लिए लगाये अभ्यास सत्र के दौरान लंगड़ाते हुए गए ड्रेसिंग रूम की ओर जाते दिखे। शमी को पैर पर पट्टी बांधे देखा गया और वो लंगड़ाकर ड्रेसिंग रूम की ओर जा रहे थे। भारतीय टीम को 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इसमें शमी की फिटनेस की जांच भी हो जाएगी। शमी को अगले माह होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भी टीम में शामिल किया गया है। ऐसे में उनकी फिटनेस पर चयन समिति की भी नजरें रहेंगी। शमी जिस प्रकार से अभ्यास के दौरान असहज नजर आये उससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं।

शमी एक साल से भी अधिक समय से टीम से बाहर हैं। साल 2024 के पूरे सत्र में वह टखने की चोट के कारण नहीं खेल पाये थे। गत वर्ष नवंबर में बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट में उनकी सफल वापसी हुई। इसी को देखते हुए चयनकर्ताओं ने शमी को इंग्लैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मैदान में उतारा। शमी ने ईडन गार्डन्स में पहले अभयास सत्र में भाग लिया। उन्होंने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी ताकत से गेंदबाजी की पर इसके बाद उन्हें पैर में दर्द होने लगा। इसके बाद वह ड्रेसिंग रूम की ओर लौटे पर कुछ समय बाद ही पट्टी बांधकर वापस आ गये।

मेजबान पीसीबी अबतक नहीं कर पाया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम घोषित

लाहौर (एजेंसी)। अगले माह होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अभी तक आठ में से सात टीमें घोषित कर दी गयी हैं। वहीं इसकी मेजबानी कर रहा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अभी तक अपनी टीम घोषित नहीं कर पाया है जबकि इसके लिए आईसीसी की समय सीमा भी समाप्त हो गयी। पीसीबी ने गत वर्ष टी20 विश्वकप के लिए भी अंतिम समय में ही टीम घोषित की थी और इस बार भी वही होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में 19 फरवरी से शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है और हर टीम तीन ग्रुप स्टेज मैच खेलेगी और हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। ग्रुप ए में बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका हैं। इस टूर्नामेंट का पहला मैच 19 फरवरी को कराची में मेजबान टीम पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम के मुकाबले हाइब्रिड मॉडल के आधार पर दुबई में खेले जाएंगे।

न्यूजीलैंड

मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन , विल यंग।

इंग्लैंड

जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कारसे, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड

ऑस्ट्रेलिया

पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा

साउथ अफ्रीका

टेम्बा बावुमा (कप्तान), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), रयान रिकलटन (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम, ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी ज़ोरज़ी, रासी वैन डेर डुसेन, डेविड मिलर, केशव महाराज, तबरेज शम्सी, कैगिसो रबाडा, वियान मुल्डर, मार्को जानसन, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे।

भारत

रोहित शर्मा, शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा

अफगानिस्तान

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी,

राशिद खान, एएम गजनफर, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नावेद जादरान।

बांग्लादेश

नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्या सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदयोय, मुश्फिकुर रहीम, एमडी महमूद उल्लाह, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नसुम अहमद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा

शाकिब की मुश्किलें बढ़ीं, चेक बाउंस होने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के खिलाफ ढाका की एक अदालत ने चेक बाउंस होने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी है। शाकिब हालांकि अभी देश से बाहर हैं। पिछले साल शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए छात्र आंदोलन के बाद उनपर हत्या के एक मामले में आरोप लगे थे जिसके बाद से ही शाकिब बांग्लादेश नहीं लौटे हैं। शाकिब हसीना की आवामी लीग से सांसद थे। इंटरनेशनल फाइनेंस इन्वेस्टमेंट एंड कॉमर्स (आईएफआईसी) बैंक ने शाकिब के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आईएफआईसी बैंक ने पिछले साल अक्टूबर में चेक बाउंस होने के मामले में कानूनी नोटिस जारी किया था। इसके बाद 24 दिसंबर को क्रिकेटर से व्यवसायी बने शाकिब और उनकी कंपनी के तीन अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। उनकी फार्म के दो अधिकारियों ने अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया और जमानत की गुहार लगाई जिसे अदालत ने सुनवाई के बाद मंजूर कर लिया। बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब ने 2016 में दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा में शाकिब अल हसन एग्रो फार्म नाम से एक केकड़ा फार्म स्थापित किया था। कंपनी कथित तौर पर 2021 से निष्क्रिय है। गौर हो कि बांग्लादेश के अब तक के सबसे महान क्रिकेटर शाकिब ने अपना आखिरी टेस्ट मैच पिछले साल के अंत में कानपुर में भारत के खिलाफ खेला था। दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी बांग्लादेश के लिए उनकी आखिरी उपस्थिति मानी जा रही है। संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के कारण फिलहाल उन्हें क्रिकेट के सभी प्रारूपों में गेंदबाजी करने से प्रतिबंधित किया गया है।

आईपीएल 2025 के पहले मैच में सूर्यकुमार करेंगे मुम्बई की कप्तानी

मुम्बई । मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इस मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी। सूर्या के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी बड़ा दावेदार नहीं दिखता। पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें। मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा था, जबकि अन्य इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम - 12 पर 12 लाख या मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगा था। बता दें कि टूर्नामेंट में यह तीसरा मौका था, जबकि पंड्या की कप्तानी वाली टीम समय पर ओवर पूरा नहीं कर सकी थी और उसे धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया था।

सलामी बल्लेबाजों के लिए स्थान निश्चित है, बाकी सभी को लचीला होना चाहिए : अक्षर पटेल

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय टी20 लाइन-अप में सलामी बल्लेबाज ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्थान निश्चित है और इसके बाद बल्लेबाजी क्रम में 'कई फ्लोटर्स' शामिल होंगे, यह बात नए उप-कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से पहले टीम की रणनीति के बारे में बताते हुए कही। भारत बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

बल्लेबाजी क्रम में उतार-चढ़ाव के बारे में पूछे जाने पर ऑलराउंडर ने जवाब दिया, %...यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है; यह टीम में सभी पर लागू होता है। 2024 की शुरुआत से ही, हमने एक निश्चित ओपनिंग स्लॉट रखने का फैसला किया था और नंबर 3 से नंबर 7 तक सभी को स्थिति, संयोजन और मैच-अप के आधार पर लचीला होने के लिए कहा गया है।% अक्षर, जो अब श्रृंखला के लिए टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं, ने इस तरह से बात की जो 2023 वनडे विश्व कप से पहले रोहित शर्मा की बातचीत की याद दिलाता है, जहां उन्होंने मध्य-क्रम में लचीलेपन का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा, 'कोई निश्चित स्थान नहीं है जहां कोई विशेष बल्लेबाज हमेशा खेलेगा...यह उस श्रेणी (नंबर 3 से 7 के बीच) में सभी के लिए समान है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसका दिन अच्छा चल रहा है, जिसका हम अभ्यास सत्रों के दौरान आकलन करते हैं। टी20 क्रिकेट में यह सही स्थिति में सही बल्लेबाज का उपयोग करने के बारे में है।'

सूर्यकुमार यादव के उप-कप्तान के तौर पर अक्षर के लिए बहुत कुछ नहीं बदला है, सिवाय इसके कि अब वह टीम प्रबंधन द्वारा लिए जाने वाले कुछ सख्त फैसलों का हिस्सा होंगे। अक्षर ने कहा, 'अभी सिर्फ एक दिन हुआ है। हां, हमने (कप्तान सूर्य, मुख्य कोच गौतम गंभीर और मैं) चर्चा की है। नेतृत्व समूह पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। ज्यादा बदलाव नहीं है। जाहिर है, हमारे पास एक स्थिर टी20 टीम है, ज्यादा दबाव नहीं है। जब आप नेतृत्व समूह में आते हैं, तो जाहिर है आपको कुछ कठोर फैसले लेने पड़ते हैं। हमने उन पर भी बात की है। यह एक सच्ची राय रखने और एक-दूसरे पर भरोसा बनाए रखने के बारे में है।'

ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में मिली हार के बाद यह राष्ट्रीय टीम का पहला मैच है और ऑलराउंडर पिछली बातों को लेकर परेशान नहीं होना चाहते। उन्होंने कहा, 'हम ये भी बात करते हैं कि, जो हो गया वो हो गया, वो वापस नहीं आने वाला। यह हमारी अगली सीरीज में सकारात्मकता लाने के बारे में है।'

अक्षर ने 19 नवंबर 2023 को वनडे विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी का भी स्वागत किया। टखने की सर्जरी से उबरने के बाद शमी घुटने की परेशानी से जूझ रहे थे। उन्होंने शमी की घरेलू सर्किट में हाल ही में हुई वापसी का जिक्र करते हुए कहा, 'यह टीम के लिए बहुत सकारात्मक

बात है। पिछली बार उन्होंने (शमी) वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था और ठीक होने के बाद से उन्होंने सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे टूर्नामेंट दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जब भी कोई सीनियर खिलाड़ी वापसी करता है तो इससे टीम को बहुत बढ़ावा मिलता है। हम सभी जानते हैं कि शमी भाई क्या कमाल करते हैं, चाहे वह नई गेंद से हो या डेथ ओवरों में। उनकी मौजूदगी, खास तौर पर नई गेंद से, टीम के लिए बहुत बड़ा फायदा है। उम्मीद है कि वह विश्व कप में दिखाए गए अपने उसी फॉर्म को जारी रखेंगे।'

ऑस्ट्रेलियन ओपन : स्वितोलिना ने छह साल बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

मेलबर्न। यूक्रेन की खिलाड़ी और 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना ने सोमवार को रोड लेवर एरिना में हुए चौथे राउंड के मुकाबले में वेरोनिका कुदेरमेटोवा को 6-4, 6-1 से हराकर छह साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 स्वितोलिना ने इतिहास रचते हुए ग्रैंड स्लैम में 100 मैच जीतने वाली पहली यूक्रेनी खिलाड़ी बनने के बाद यह कारनामा किया है। यह उनके करियर का 12वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है। अब क्वार्टरफाइनल में स्वितोलिना का सामना छठी सीड एलिना रिबाकिना और 19वीं सीड मेडिसन कीज के बीच होने वाले चौथे राउंड के विजेता से होगा। स्वितोलिना के प्रदर्शन पर मां बनने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ा है। 2022 में बेटी स्काई के जन्म के बाद यह उनका चौथा ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल है। उन्होंने 2018 और 2019 में लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। पिछले साल, स्वितोलिना ने शानदार शुरुआत की थी, लेकिन चौथे राउंड में लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ पीठ में चोट के कारण केवल तीन गेम के बाद मैच छोड़ना पड़ा। इसके बाद पूरे सीजन में वह शारीरिक समस्याओं से जूझती रहीं और यूएस ओपन के बाद फुट सर्जरी के लिए ब्रेक लिया। यह टूर्नामेंट उनकी सर्जरी के बाद पहला है। मैच की शुरुआत में स्वितोलिना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि पूर्व वर्ल्ड नंबर 9 कुदेरमेटोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 4-1 की बढ़त बना ली थी। लेकिन स्वितोलिना ने अपनी लय हासिल करते हुए लगातार पांच गेम जीते और पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में स्वितोलिना ने शानदार वापसी की, 3-1 की बढ़त के साथ मैच पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया और 83 मिनट में जीत दर्ज की।

ऋषभ बने लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान

नई दिल्ली । ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करेंगे। सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने सोमवार को ऋषभ को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की। सुपर जायंट्स ने पिछले साल हुई नीलामी में इस क्रिकेटर को सबसे अधिक रकम 27 करोड़ रुपये देकर खरीदा था। तभी तय हो गया था कि उन्हें कप्तानी मिलेगी। वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे। वह अब केएल राहुल, निकोलस पूरन और क्रुणाल पांड्या के बाद आईपीएल में सुपर जायंट्स के चौथे कप्तान होंगे। आईपीएल 2022 और 2023 सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद सुपर जायंट्स में पहली बार प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी थी। अब टीम को अपने नये कप्तान से खिताब की उम्मीदें रहेंगी। दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करने के बाद ऋषभ दूसरी आईपीएल टीम की कप्तानी करेंगे। वह आईपीएल के 2021 से 2024 संस्करणों तक डीसी के कप्तान थे, 2023 सीजन को छोड़कर जब वह एक कार हादसे के कारण खेल से दूर थे। आईपीएल 2025 में उन्हें दिल्ली ने रिलीज़ कर दिया था। इसके बाद वह नीलामी में उतरे थे। अब वह नई टीम में मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ काम करेंगे जिनसे उनकी मुलाकात ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान हुई थी। बल्लेबाजी विभाग में पंत के साथ निकोलस पूरन, डेविड मिलर, मिशेल मार्श और एडेन मार्कराम के साथ-साथ आयुष बडोनी, आर्यन जुयाल, अब्दुल समद और हिम्मत सिंह शामिल होंगे।

सुरेश रैना की इच्छा, वनडे में ज्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलें ऋषभ पंत

नई दिल्ली(एजेंसी)। नई दिल्ली - भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में ऋषभ पंत को ज़्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर बाएं हाथ का यह बल्लेबाज 40-50 गेंदों का सामना करता है तो वह टीम के लिए खेल को अच्छी तरह से समाप्त कर सकता है।

शनिवार को पंत को 22 जनवरी से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू तीन वनडे और फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। यह अनिश्चित है कि पंत या केएल राहुल भविष्य में 50 ओवर के मैचों में भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज होंगे या नहीं। 31 मैचों में पंत ने 33.5 की औसत से 871 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 2022 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 125 रन रहा है।

रैना ने कहा, 'उन्होंने अपनी विकेटकीपिंग में बहुत सुधार किया है, (लेकिन) ऋषभ पंत को अधिक जिम्मेदारी के साथ खेलने की जरूरत है क्योंकि यह 50 ओवर का टूर्नामेंट है। इंग्लैंड के साथ आगामी टूर्नामेंट में आपको 5 टी20 और 3 वनडे खेलने हैं, यह ऋषभ पंत के लिए एक अच्छा अवसर होगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कैसे खेलते हैं; मुझे लगता है कि अगर यशस्वी शीर्ष क्रम में नहीं खेलते हैं तो ऋषभ पंत की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी, वह चौथे स्थान पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'वह हार्दिक से पहले बल्लेबाजी करने भी आ सकते हैं क्योंकि अगर ऋषभ 40-50 गेंदें खेलते हैं तो वह खेल को खत्म कर सकते हैं। उसे खुद से कहना होगा कि अगर मैं पचास गेंद खेलता हूं तो मैं 80-100 रन बना सकता हूं, लेकिन उसके लिए कुछ समय बिताना महत्वपूर्ण है। अगर वह गलती करता है तो उसे बहुत नुकसान होगा क्योंकि उसके पास वह प्रतिभा है, उसके पास वह क्षमता है, वह भारतीय टीम के लिए एक्स फैक्टर बनने जा रहा है।'

भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, जहां रैना रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ विजेता टीम के सदस्य थे। यह पूछे जाने पर कि क्या कोहली, रोहित और जडेजा जैसे खिलाड़ी अगले महीने दुबई में 2013 की विजयी वीरता को दोहरा पाएंगे? रैना ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, 'मुझे 2013 में अच्छी तरह से याद है जब रोहित शर्मा और विराट कोहली जीते थे; यह एक शानदार जश्न और माहौल था। मुझे लगता है कि रवींद्र जडेजा ने उस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता क्योंकि उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की थी। वे तीनों अब एक ही टीम का हिस्सा हैं।'

पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'रोहित शर्मा कप्तान हैं। मुझे याद है कि जब रोहित शर्मा को 2011 विश्व कप के लिए नहीं चुना गया था, तो उन्हें बहुत बुरा लगा था और वे चैंपियंस ट्रॉफी जीतना चाहते थे। हाल ही में उन्होंने टी20 विश्व कप जीता है। अब वे ICC खिताब जीत रहे हैं, जो उन्होंने पहले नहीं जीते थे। विराट ने पहले भी यह ट्रॉफी उठाई है और जानते हैं कि दबाव को कैसे झेलना है। उस समय की परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं, लेकिन जब वे दुबई जाएंगे, तो परिस्थितियां फिर से बिल्कुल अलग होंगी। रोहित परिस्थितियों को संभालना जानते हैं। अगर रोहित 20-25 ओवर खेलते हैं तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर वे 2019 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराएं।'

भारत 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में अपने ग्रुप ए

अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ करेगा, जिसके बाद वे 23 फरवरी को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे और फिर 2 मार्च को न्यूजीलैंड का सामना करेंगे।

भारत में तेजी से आगे बढ़ रहा एथलेटिक्स : फराह

मुंबई । दिग्गज एथलीट मो फराह ने कहा है कि भारत में अन्य खेलों के साथ ही एथलेटिक्स भी अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि अधिक से अधिक युवा इस क्षेत्र में आगे आ रहे है जो एक सकारात्मक बात है। युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से एथलेटिक्स के क्षेत्र को बदल सकते हैं। फराह ने कहा है कि आजकल भारत में एथलेटिक्स तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और युवाओं में इतनी क्षमता है कि वे इस क्षेत्र में बेतर प्रदर्शन कर सकते हैं क्योंकि उनमें काफी प्रतिभा है। फराह ने कहा कि जिस प्रकार भारत खेल में तेजी से आगे बढ़ रहा है वह सभी को प्रभावित कर रहा है। टाटा मुंबई मैराथन के 20वें सत्र के ब्रांड दूत बनने पर भारत आये फराह ने कहा, ''देश के विकास, युवा एथलीटों की प्रतिभा को देखना एक शानदार अनुभव है। आप अगर कड़ी मेहनत करें तो जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है और

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

अनवर में दीप्ति के छोटे रोल से कैसे बनीं मिर्जापुर की बिना त्रिपाठी

रसिका दुग्गल इन दिनों अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। मिर्जापुर में रसिका ने बिना त्रिपाठी का किरदार निभाया, जो मिर्जापुर सीरीज के हर एक प्रशंसक का पसंदीदा किरदार बन चुका है। रसिका ने बिना से पहले भी कई फिल्मों और सीरीज में बेहतरीन किरदार निभाए हैं, जिनमें उनके जबर्दस्त अभिनय ने दर्शकों का दिल जीता है।

मिर्जापुर-बिना त्रिपाठी

मिर्जापुर क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में रसिका दुग्गल ने कालीन भैया की दूसरी पत्नी का किरदार निभाया था। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसके बाद इसका दूरसा भाग मिर्जापुर 2 और अब जल्द ही मिर्जापुर 2 आने वाली है। इस सीरीज में बिना त्रिपाठी के किरदार से रसिका ने सभी का दिल जीत लिया है।

अनवर-दीप्ति

रसिका दुग्गल का जन्म 17 जनवरी 1985 को बिहार में हुआ। रसिका वैसे तो कई भारतीय फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। 2007 में रसिका ने फिल्म अनवर में एक छोटी भूमिका के साथ स्क्रीन पर शुरुआत की थी। इस फिल्म में रसिका ने दीप्ति नाम का किरदार निभाया था। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म थी, जिसे मनीष झा ने लिखा और निर्देशित किया है। रसिका के अलावा इस फिल्म में सिद्धार्थ कोइराला और मनीषा कोइराला के साथ राजपाल यादव और नौहीद सिरुसी भी नजर आए।

दिल्ली क्राइम

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस क्राइम सीरीज दिल्ली क्राइम में रसिका दुग्गल के काम ने दर्शकों का दिल जीतने में जरा सी भी कसर नहीं छोड़ी। इस सीरिज को रिची मेहता ने लिखा और निर्देशित किया है। इस सीरिज में रसिका के अलावा में शेफाली शाह, आदिल हुसैन और राजेश तैलंग नजर आए।

आउट ऑफ लव-डॉ. मीरा कपूर

रसिका दुग्गल के आउट ऑफ लव वेब सीरीज में भी बेहतरीन अभिनय किया है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी। इस सीरीज में रसिका ने डॉ. मीरा कपूर की भूमिका निभाई थी। आउट ऑफ लव माइक बार्टलेट द्वारा डॉक्टर फोस्टर पर आधारित एक भारतीय थ्रिलर ड्रामा टेलीविजन सीरीज है। इसका निर्देशन तिग्मांशु धूलिया और ऐजाज खान ने किया है, जिसमें रसिका दुगल के अलाव पूरब कोहली मुख्य भूमिकाओं में नजर आए।

ए सूटेबल बॉय

नेटफ्लिक्स और बीबीसी वन पर रिलीज हुई सीरीज ए सूटेबल बॉय में भी रसिका दुग्गल के काम को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस सीरिज को मीरा नायर ने निर्देशित किया है। यह सीरीज विक्रम सेठ के 1993 के इसी नाम के उपन्यास से एंड्रयू डेविस द्वारा रूपांतरित की गई है।

मम्मी की ऐक्टिंग देख सिनेमा से हुआ प्यार

बॉलीवुड में जल्द ही एक और स्टार किड पर्दे पर दस्तक देने जा रही है और वह नई-नवेली हीरोइन हैं राशा थडानी। मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा निर्देशक अभिषेक कपूर की फिल्म आजाद से अपनी फिल्मी पारी का आगाज करने जा रही हैं। खास बात यह है कि बचपन से एक्ट्रेस बनने का सपना देखने वालीं राशा ने अपनी 12वीं की पढ़ाई भी पूरी नहीं की थी, जब उन्हें यह फिल्म मिल गई। इसके चलते, उन्हें फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने बोर्ड एग्जाम की तैयारी भी करनी पड़ी। बकौल राशा, सिनेमा के लिए उनका प्यार अपनी मम्मी रवीना टंडन के सेट पर हुआ। वह कहती हैं, सिनेमा से प्यार तो मुझे बचपन में ही हो गया था, क्योंकि जब मैं छोटी थी, तब मम्मा के साथ उनके सेट पर बहुत जाती थी। मैंने उन्हें कैमरे के सामने परफॉर्म करते हुए काफी देखा है और उनसे बहुत सीखा भी है। मम्मी को डांस करते या कैमरे के आगे एक्सप्रेशन देते हुए देखना मेरे लिए बहुत प्रेरित करने वाला था। इसलिए, जब मैं बड़ी हो रही थी, तब मुझे पता था कि मुझे भी एक्टिंग ही करनी है। यह बात मेरी मम्मा और पापा भी जानते थे क्योंकि मेरा और कोई इंट्रेस्ट नहीं था। फिल्म में राशा का डांस नंबर उई अम्मा काफी पॉपुलर हो चुका है। राशा की मां रवीना टंडन के तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त, अंखियों से गोली मारे, शहर की लड़की जैसे कई आइकॉनिक डांस नंबर रहे हैं, तो क्या राशा ने अपनी मां से डांस के टिप्स लिए? इस पर उन्होंने बताया, मैं बचपन से डांस कर रही हूं। मैंने कथक सीखा है तो उससे मुझे बहुत मदद मिली। इसके अलावा, मम्मा ने मुझे अपने गानों के बजाय हमेशा रेखा जी के गाने, उनकी परफॉर्मेंसेज दिखाई। जैसे इन आंखों की मस्ती में... गाने में छोटे छोटे पार्ट ब्रेक करके वह सिखाती थीं कि देखो, रेखा जी के एक्सप्रेशन यहां पर कैसे है, तो मम्मी ने हमेशा यह सिखाया कि डांस में एक्सप्रेशन बहुत मायने रखता है।

राशा के मुताबिक, फिल्म के लिए बोली का अंदाज पकड़ना उनके लिए मुश्किल था। वह बताती हैं, हमने शूटिंग से पहले काफी वर्कशॉप किए थे। रिहर्सल भी की थी। घुड़सवारी की क्लासेज ली थीं। साथ ही, फिल्म में बुंदेलखंडी बोलनी थी तो उसके लिए भी क्लासेज हुई थीं, मगर इस बोली को पकड़ना मेरे लिए थोड़ा सा चुनौतीपूर्ण था। उसे पकड़ने में मुझे थोड़ी मुश्किल हुई थी। वहीं, पहले दिन की शूटिंग मुझे पूरी तरह याद ही नहीं है, क्योंकि मैं ब्लैंक हो गई थी। मैं पहली बार कैमरे के सामने शूट कर रही थी, इससे पहले मैंने फोटो शूट किए थे, पर जब मैं घोड़े और अपने को-ऐक्टर्स के साथ कैमरे के सामने थी और डायरेक्टर सर बता रहे हैं कि ऐसे करना है, वैसे करना है तो मैं बहुत डर गई थी।

नंदामुरी बालकृष्ण के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला का हालिया रिलीज गाना 'दबीदी दबीदी' को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने बताया कि नंदामुरी बालकृष्ण के साथ डांस करना उनके लिए सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर रहा। यह उनके लिए कला के प्रति सम्मान था। अभिनेत्री ने कहा, नंदामुरी जैसे दिग्गज के साथ काम करना एक बड़ा सम्मान है। नंदामुरी सर के साथ डांस मेरे लिए सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं था, यह कला, कड़ी मेहनत और कला के प्रति सम्मान है। उनके साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था और हर कदम, हर इशारा साथ मिलकर कुछ खूबसूरत करने का था। अभिनेत्री ने कहा कि वह हर फीडबैक को महत्व देती हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात मेरे फैंस से मिलने वाला प्यार और हमारे बीच का सच्चा जुड़ाव है। कला हमारी भावनाओं को दिखाती है और आलोचना चाहे जितनी भी हो, मेरा उद्देश्य शानदार और बेस्ट परफॉर्म करने में रहा है। फिल्म के 100 करोड़ रुपये के क्लब में पहुंचने के बारे में उन्होंने कहा, मैं 2025 की पहली आउटसाइडर अभिनेत्री के रूप में इतिहास रचने और इतनी तेजी से 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने के लिए खुद को लकी मानती हूं। मैं इस फिल्म को मिले रिएक्शन से वाकई बहुत खुश हूं। ब्लॉकबस्टर फिल्म बनना एक सपने के सच होने जैसा है और मैं इस सफलता का श्रेय अपने प्रशंसकों, फिल्म की टीम और दर्शकों के प्यार और विश्वास को देती हूं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में एक बाहरी व्यक्ति के रूप में, यह मील का पत्थर बहुत मायने रखता है, यह कड़ी मेहनत, दृढ़ता और खुद पर विश्वास की वजह से है। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नहीं है, यह उन सभी के लिए है, जो बड़े सपने देखने और बाधाओं को तोड़ने की हिम्मत रखते हैं। यहां और अधिक सार्थक सिनेमा, कभी ना भूल पाने वाली कहानियां और साथ मिलकर इतिहास बनाने के लिए प्रयास जारी है!

बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन में मुख्य किरदार निभाएँगी अभिनेत्री दीक्षा धामी

नए साल की शुरुआत के साथ, शेमारू उमंग अपने दर्शकों के लिए एक नया और रोमांचक शो लेकर आ रहा है, जिसका नाम है बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन। हाल ही में रिलीज़ हुए प्रोमो ने दर्शकों को चैना से परिचित कराया, जो एक जिंदादिल और चतुर लड़की है। इस किरदार को प्रतिभाशाली अभिनेत्री दीक्षा धामी निभा रही हैं। राजस्थान की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित इस कहानी में परिवार, परंपराओं और सत्ता संघर्ष का ताना-बाना बुना गया है। स्मार्ट और दिल की साफ लड़की चैना, गाँव की रहने वाली है, जो जीवन की चुनौतियों का सामना अपनी बुद्धिमानी और अनोखे अंदाज़ से करती है। लेकिन, उसकी दुनिया तब बदल जाती है, जब हालात उसे गाँव की गलियों से एक भव्य हवेली तक ले आते हैं। उन्होंने आगे कहा, नए साल की शुरुआत इतने शानदार मौके के साथ करना मेरे लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। चैना एक बहादुर और अपने परिवार से जुड़ी हुई लड़की है। वह चालाक है, एक स्वाभाविक कहानीकार है और हमेशा अपने आसपास के लोगों के लिए सही समाधान ढूँढती है। इस किरदार को निभाते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा है और इसे और निखारने के लिए मैं कड़ी मेहनत कर रही हूँ। दीक्षा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, एक अभिनेत्री के रूप में हर प्रोजेक्ट मेरे लिए एक नई सीख लेकर आता है, लेकिन यह शो मेरे दिल के बेहद करीब है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक चैना की यात्रा से जुड़ाव महसूस करेंगे, उसकी भावनाओं को समझेंगे और इस खूबसूरत कहानी का भरपूर आनंद लेंगे।

बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की घाटी में विक्रम प्रभु की एंट्री

बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की मोस्ट अवेटेड फिल्म घाटी से फर्स्ट लुक उनके जन्मदिन पर जारी किया गया था। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित फिल्म की इस झलक में वो काफी हिंसक दिख रह थीं। उनकी आंखों में प्रतिशोध की आग और माथे पर खून से अधिक गुस्सा साफ दिख रहा था। अब इस फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट सामने आया है। अनुष्का शेट्टी की इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि विक्रम प्रभु इस फिल्म में लीडिंग रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म यूवी क्रिएशन द्वारा प्रस्तुत और राजीव रेड्डी और साई बाबू जगरलामुडी द्वारा निर्मित किया गया है। ब्लॉकबस्टर वेदम की सफलता के बाद, घाटी अनुष्का और कृष की दूसरी फिल्म है,और यह यूवी क्रिएशन के साथ अनुष्का की चौथी फिल्म भी है।

विक्रम प्रभु दमदार किरदार में नजर आएंगे

इस फिल्म में विक्रम प्रभु, देसी राजू के दमदार किरदार में नजर आएंगे। इस फर्स्ट लुक में विक्रम को घने जंगलों और बीहड़ घाट में पुलिस द्वारा पीछा करते हुए दिखाया गया है। विक्रम के कई ज़बरदस्त एक्शन सीक्वेंस हैं जहां वह गुंडों से भिड़ते दिखेंगे।

अनुष्का और विक्रम के बीच शानदार केमिस्ट्री

एक्शन से भरपूर सीक्वेंस हल्के-फुल्के रोमांटिक टच के साथ खत्म होते हैं, जब विक्रम और अनुष्का एक-दूसरे के आसपास बाइक चलाते हुए नजर आते हैं जहां वे एक-दूसरे को देखकर मुस्कुराते हैं, जो यह दर्शाता है फिल्म के निश्चित रूप से उनके बीच जबरदस्त केमेस्ट्री होगी। फिल्म में न केवल हाई-ऑक्टेन एक्शन बल्कि एक मजेदार लव स्टोरी भी देखने को मिलेगी। तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।



संघर्ष के दिनों में मां मेरी नौकरी लगवाना चाहती थीं

आर्मी अफसर बनने की ख्वाहिश रखने वाले जयदीप अहलावत को जब वहां रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, तब वह इस बात से अनजान थे कि भविष्य में अभिनय के क्षेत्र में नाम कमाने वाले हैं। स्नअ्ढ्ढ से ग्रेजुएट हुए जयदीप अहलावत ने अभिनय जगत में भी संघर्ष किया, मगर गैंग्स ऑफ वासेपुर ने उनकी किस्मत बदल दी। फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी पर भी सराहनीय काम करने वाले जयदीप बहुत जल्द वेब सीरीज पातल लोक के सीजन 2 में नजर आएंगे।

आप फौज में जाना चाहते थे, मगर फिर अभिनय के क्षेत्र में आए, छोटे-मोटे रोल्स किए और आज तो आपके लिए खास तौर पर किरदार लिखे जा रहे हैं?

सच कहूं, तो आप धन्य होते हैं। ग्रैटिट्यूड महसूस करते हैं। आप उनके प्रतिअहसानमंद होते हैं, जिन लोगों ने आप पर भरोसा दिखाया। जब मुझे किसी एक काम का क्रेडिट मिलता है, तो मुझे वो सारे चेहरे याद आ रहे होते हैं, जिनके साथ मिलकर वो काम हुआ और मैं सभी को हाथ जोड़कर शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। वैसे मैं ऊपरवाले का इसलिए भी धन्यवाद अदा करना चाहूंगा, कि मेरे हाथ -पैर सलामत हैं। मेरा दिमाग चल रहा है और मेरे इर्द गिर्द के लोग मुझे सपोर्ट करते हैं। एक अभिनेता के रूप में इसलिए भी शुक्रगुजार हूं कि अच्छा काम मिलता गया।

क्या ये सच है कि संघर्ष के दिनों में आपकी मम्मी आपकी नौकरी लगवाना चाहती थीं?

हां, बिल्कुल सही है ये बात। मां को लगता था कि सरकारी नौकरी होगी, तो बंधी हुई तनख्वाह मिलेगी। उन्हें लगता था कि मेरा भविष्य सेफ हो जाएगा। हम सभी उसी बैकग्राउंड से आते हैं, जहां माता-पिता को लगता है कि बच्चा कोई सरकारी या सिक्योर नौकरी कर ले ताकि उनकी चिंता खत्म हो जाए कि बच्चे सर्वाइव कैसे करेंगे? खाना कहां से आएगा? वो फिक्र हम सभी मिडिल क्लास के माता-पिता की रहती है। मेरी मां ने जब मेरी नौकरी की बात कही, तब मैंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। एक दिन मां ने काम का हालचाल जाना और बोलीं कि वह जान-पहचान वाले स्रूरु से कह कर एक जूनियर प्रोफेसर की नौकरी जरूर लगवा सकती हैं।

गैंग्स ऑफ वासेपुर,राजी, एक्शन हीरो जैसी फिल्में हों या फिर पाताल लोक और द ब्रोकन न्यूज जैसी सीरीज, एक एक्टर के रूप में दोनों में काम करने के तरीकेकार में क्या अंतर पाते हैं?

एक अदाकार के रूप में कोई खास फर्क नहीं लगता, क्योंकि रोल के प्रति आपका समर्पण एक-सा होता है। आपकी कोशिश यही होती है कि आप अपने किरदार को ज्यादा से ज्यादा विश्वसनीय बना सकें। एक अंतर यह है कि वेब सीरीज में आप लंबे समय तक किरदार में रमे रहते हैं, तो जैसे पाताल लोक है, तो उसमें लगभग तीन फिल्मों जितना वक्त लगा पर उसका फायदा ये होता है कि आप किरदार को बहुत विस्तार से किया जा सकता है। तो कैरेक्टर को बिल्ड करना थोड़ा सरल है। फिल्मों में लेंथ कम होती है तो वो थोड़ा जल्दी हो जाती है। वेब सीरीज में थोड़ी-सी एनर्जी और वक्त देना होता है। लेकिन एक एक्टर के तौर पर आपकी अप्रोच वही होती है।

आपकी इस वेब सीरीज के सीजन 2 में आपके लिए इस रोल में नया क्या होगा?

नयापन तो स्क्रिप्ट में है। एक इंसान जो कई फ्रंट पर हारा हुआ-सा फील करता है, मगर वो ऐसा है नहीं। लोगों को लगता है कि वो फेल्योर है, मगर है नहीं। इतने बड़े केस को सुलझाने के बावजूद उसकी दुनिया में कुछ नहीं बदला है, क्योंकि कुछेक लोगों के अलावा सच किसी को नहीं पता। अब जो चुनिंदा लोग जो उसके करीबी हैं, उनकी नजर में हाथीराम चौधरी के प्रति लोगों का नजरिया बदल गया है। वो एक सत्यान्वेषी टाइप का आदमी है और सचाई जानने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सीजन 2 में आपको एक अलग ही दुनिया देखने को मिलेगी, जहां आप खान-पान या किसी भी चीज से वाकिफ नहीं होंगे। इसकी जो पॉलिटिकल और भौगोलिक कंडीशंस हैं, वे हाथीराम चौधरी की पहुंच से बाहर हैं। मगर वो वहां भी सर्वाइव करता है। उसकी जान पर बन आती है, मगर वो पीछे नहीं हटता।

आपकी निजी जिंदगी का पाताल लोक क्या है?

दिन भर में समय न मिल पाना मेरा पाताल लोक बन जाता है। बीते लंबे समय से मैं काम के कारण काफी मसरूफ रहता हूं और ऐसे में जब मैं बिलकुल अकेला न होऊं, जब मुझे अपने लिए आधे घंटे का भी समय न मिले, तो वो मेरा पाताल लोक बन जाता है।

शाह बानो की लाइफ पर बेस्ड फिल्म में दिखेंगी यामी गौतम

मां बनने के बाद यामी गौतम एक बार फिर बड़े परदे पर वापसी करने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... एक्ट्रेस, शाह बानो की लाइफ पर बेस्ड फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी। बता दें कि शाह बानो ने अपने पति से तलाक के बाद मेंटेनेंस पाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी। यह केस 1985 में ट्रिपल तलाक, महिलाओं के अधिकार और मुस्लिम पर्सनल लॉ से जुड़ा था। शाह बानो के पक्ष में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला देशभर में सामाजिक और कानूनी चर्चा का विषय बन गया था। शाह बानो का ट्रिपल तलाक केस मामले में काफी योगदान रहा है। यामी गौतम इस फिल्म के जरिए दर्शकों को इसी केस की अहमियत समझाएगी।